Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 185 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, शनिवार 13 जनवरी 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

धर्म वह माना जाता है, जिसके द्वारा पाप का नाश हो।
What destroys sin is religion.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री, घने कोहरे के कारण 23 ट्रेनें विलंबित

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली-एनसीआर शीतलहर की चपेट में है और शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा और घने कोहरे के कारण यात्रा में बाधा उत्पन्न हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शून्य विजिबिलिटी की सूचना दी। घने कोहरे के कारण दिल्ली जाने वाली 23 ट्रेनों में देरी हुई और उनमें से कुछ छह घंटे की देरी से चलीं। मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण न केवल दिल्ली बल्कि विभिन्न राज्यों में यात्रा प्रभावित हुई। दिल्ली के निवासियों की सुबह ठंडी और धुंध भरी रही, न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा, जो मौसम के औसत से तीन डिग्री कम है। आईएमडी का अनुमान है कि दिन का अधिकतम तापमान लगभग 18 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर का तापमान शून्य से 4 डिग्री नीचे

श्रीनगर (आरएनएस)। भीषण शुष्क ठंड से श्रीनगर में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 4 डिग्री सेल्सियस नीचे और जम्मू में 3.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जम्मू में शुक्रवार को सीजन का सबसे कम न्यूनतम तापमान 3.7 दर्ज किया गया, जबकि गुरुवार को सबसे कम अधिकतम तापमान 8.8 दर्ज किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने किया देश के सबसे लंबे सी-ब्रिज अटल सेतु का उद्घाटन

दो घंटे की दूरी 15 मिनट में होगी पूरी

मुंबई (आरएनएस)। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे लंबे सी-ब्रिज अटल सेतु का उद्घाटन किया। यह ब्रिज मुंबई से नवी मुंबई को जोड़ेगा। ब्रिज के कारण दो घंटे की दूरी सफर 15 मिनट में पूरा होगी। दिसंबर 2016 में मोदी ने इस पुल की आधारशिला रखी थी। पुल की कुल लागत 17 हजार 843 करोड़ रुपए है।

अटल सेतु से मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट और नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच कनेक्टिविटी भी मिलेगी। मुंबई से पुणे, गोवा और दक्षिण भारत की यात्रा का समय भी कम हो जाएगा। अटल सेतु के निर्माण में करीब 177,903 मीट्रिक टन स्टील और 504,253 मीट्रिक टन सीमेंट का इस्तेमाल किया गया है। लगभग 18,000 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। उम्मीद है कि इसके पूरा होने पर प्रतिदिन लगभग 70,000 वाहन चलेंगे और यह 100 वर्ष चलता रहेगा। मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (रूझ।।रु) पर चार पहिया वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 100 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। कार, टैक्सी, हल्के मोटर वाहन, मिनीबस और टू-एक्सल बसों जैसे वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 100 किलोमीटर प्रति घंटा है। पुल के चढ़ने और उतरने पर गति 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक सीमित रहेगी।

प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो...

आज महाराष्ट्र के नासिक पहुंचने पर नगरवासियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के नासिक में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लिया।

श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को 11 दिन शेष : प्रधानमंत्री मोदी ने शुरू किया अनुष्ठान, बोले- अपनी भावनाओं को शब्दों में कहना मुश्किल

नई दिल्ली (आरएनएस)। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले पीएम मोदी का बयान सामने आया है। पीएम ने कहा कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अब केवल 11 दिन ही बचे हैं और मेरा सौभाग्य है कि मैं भी इस पुण्य अवसर का साक्षी बनूंगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पोस्ट में कहा कि प्रभु ने मुझे प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सभी भारतवासियों का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है। इसे ध्यान में रखते हुए मैं आज से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान आरंभ कर रहा हूं और मैं सभी जनता-जनार्दन से आशीर्वाद का आकांक्षी हूं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगे कहा कि इस समय मेरे लिए अपनी भावनाओं को शब्दों में कह पाना बहुत मुश्किल है, लेकिन मैंने अपनी तरफ से एक प्रयास किया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विवेकानंद सरोवर उद्यान में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हुए शामिल

20 युवाओं को 'टेक्नोटॉस्क' बीपीओ में प्रदान किया गया नियुक्ति पत्र

स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को ऋण राशि का चेक किया गया वितरित

रायपुर (विश्व परिवार)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद सरोवर उद्यान में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने यहां स्थित आदिवासियों के आराध्य आदिशक्ति बूढ़ादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने इस उद्यान में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर रायपुर सांसद सुनील सोनी, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू और रामकृष्ण मिशन स्वामी विवेकानंद आश्रम रायपुर के स्वामी अव्ययात्मानन्द, स्वामी प्रपत्यानन्द, स्वामी देवभावानन्द भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 20 युवाओं को कलेक्टोरेट मल्टीलेवल पार्किंग स्थित बीपीओ सेंटर से संबद्ध निजी कंपनी टेक्नोटॉस्क के जॉब ऑफर लेटर (नियुक्ति पत्र) और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के पांच हितग्राहियों को व्यवसाय के लिए 10-10 हजार रूपए ऋण राशि के चेक वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अवसर पर स्टार्टअप कंपनी 'सोशियो सेलर' प्रारंभ करने वाले युवा श्री ललित को सम्मानित किया। युवा महोत्सव के अवसर पर जिला प्रशासन रायपुर द्वारा एमपी पॉली प्रिंट एंड पैक संस्थान में 30 युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया। ये युवा संस्थान में सुपरवाइजर तथा अन्य स्टॉफ के रूप में कार्य करेंगे। युवा महोत्सव में काफी संख्या में युवा उपस्थित थे। युवाओं को देखकर मुख्यमंत्री सीधे उनके बीच पहुंचे। मुख्यमंत्री ने युवाओं के साथ बड़ी ही आत्मीयता के साथ चर्चा की।

दुश्मनों की खैर नहीं! डीआरडीओ ने नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल का किया सफल परीक्षण

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत के रक्षा अनुसंधान संगठन ने आकाश मिसाइल की नई जेनरशन का आज सफल परीक्षण किया। इस टेस्ट को ओडिशा तट पर मौजूद इंटीग्रेटिड टेस्ट रेंज चांदीपुर से अंजाम दिया गया। नई पीढ़ी की आकाश-एनजी मिसाइल का यह टेस्ट सफल रहा। मिसाइल में लो ऑल्टीट्यूड में बड़ी ही तेज गति से जा रहे अपने टार्गेट पर अचूक निशाना लगाया। इस परीक्षण के दौरान पूरे आकाश मिसाइल सिस्टम की कार्यक्षमता का परीक्षण किया गया, जिसमें मिसाइल सिस्टम के आरएफ सीकर, लॉन्चर, मल्टी फंक्शन रडार और कमांड, कंट्रोल और कम्यूनिकेशन सिस्टम का भी परीक्षण किया गया। इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज, चांदीपुर में लगे रडार्स, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम से जो डाटा इकट्ठा हुआ, उससे भी नई पीढ़ी के आकाश मिसाइल सिस्टम की क्षमता का परीक्षण भी सफल रहा। डीआरडीओ के साथ ही भारतीय वायुसेना के अधिकारियों की मौजूदगी में यह परीक्षण किया गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायुसेना, बीडीएल और बीईएल जैसी सरकारी कंपनियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस मिसाइल के सफल परीक्षण से हमारी हवाई सुरक्षा की क्षमताओं में और ज्यादा इजाफा होगा।

7वीं लोकसभा का आखिरी सत्र 31 जनवरी से 9 फरवरी तक चलेगा : प्रल्हाद जोशी

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने वर्तमान लोकसभा के आखिरी सत्र को लेकर आधिकारिक रूप से जानकारी देते हुए यह बताया है कि सत्रहवीं लोकसभा का आखिरी सत्र 31 जनवरी से 9 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान संसद में राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा और 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम केंद्रीय बजट पेश करेंगी। जोशी ने संसद के आगामी सत्र की तारीखों और एजेंडे को लेकर आधिकारिक तौर पर जानकारी देते हुए शुक्रवार को अंतरिम बजट सत्र 2024 के हैशटैग के साथ एक्स पर पोस्ट कर बताया, सत्रहवीं लोकसभा का आखिरी सत्र 31 जनवरी से 9 फरवरी तक चलेगा।

सीएमडी एसईसीएल डॉ. प्रेम सागर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में डीएवी बिलासपुर के होनहार खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह

बिलासपुर (विश्व परिवार)। राष्ट्रीय युवा दिवस के दिन डीएवी वसंत विहार बिलासपुर में विद्यालय के होनहार खिलाड़ियों के लिये सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा रहे। इन खिलाड़ियों ने नई दिल्ली में आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट में 9 स्वर्ण पदक सहित कुल 25 पदक जीते वहीं तैराकी के लिए बेस्ट स्कूल का ख़िताब भी अपने नाम किया। इससे पूर्व क्लस्टर व ज़ोनल स्तर पर 40 से अधिक स्वर्ण पदक जीतते हुए डीएवी बिलासपुर के छात्रों ने स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में अपना दबदबा बरकरार रखा था। सम्मान समारोह डीएवी प्रिंसिपल श्री के पार्थीपन की अगुवाई में संपन्न हुआ।

पश्चिम बंगाल में ईडी की बड़ी कार्रवाई

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में आज फिर ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। ममता के दो मंत्रियों सुजीत बोस और तापस रॉय के ठिकानों पर आज ईडी ने छापामारी की है। ईडी ने इसी के साथ उत्तरी दमदम नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष सुबोध चक्रवर्ती के आवास पर भी छापेमारी की। ईडी ने कथित नगर निगम नौकरी घोटाला मामले के सिलसिले में कोलकाता में बंगाल के नेताओं के आवास पर सुबह-सुबह छापेमारी की है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही राशन घोटाले में छापामारी के दौरान ईडी के अधिकारियों पर हमला किया गया था।

22 जनवरी को ननिहाल छत्तीसगढ़ में भी धूमधाम से मनाया जाएगा रामोत्सव : बृजमोहन अग्रवाल

छत्तीसगढ़ में भी भव्य एवं वृहद रूप में मनाने विभागीय स्तर पर निर्देश जारी

पंजीकृत 4700 मानस मंडलियों को मिलेगी 5-5 हजार की प्रोत्साहन राशि

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ के धर्मस्व, संस्कृति, शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अयोध्या में आयोजित श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव, दिनॉक 22 जनवरी 2024 को छत्तीसगढ़ में भी भव्य एवं वृहद रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करने के निर्देश विभाग को दिए है। इस संबंध में कार्ययोजना बनाकर राज्य के सभी कलेक्टर को निर्देश जारी कर दिए गए है।

राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि दिनाँक 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में आयोजित श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के मद्देनजर राज्य भर में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। उक्त आयोजन तीन स्तरों में संभागीय/जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आयोजित किया जायेगा।

उक्त आयोजन में मानस मंडलियों को जोड़ा जाना है। राज्य के प्रत्येक जिलों में संचनालय संस्कृति एवं राजभाषा के साथ पंजीकृत क्रियाशील लगभग 4700 मानस मंडलियां हैं। राज्य शासन के घोषणा अनुरूप इन सभी मानस मंडलियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रत्येक मंडली को 5000/- रू राशि प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है। उक्त निर्णय अनुरूप जिलेवार मानस मंडलियों की सूची एवं तदानुसार धनराशि का आबंटन सचालनालय, संस्कृति एवं राजभाषा द्वारा सीधे प्रत्येक कलेक्टरों को उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसका शीघ्रता के साथ वितरण किए जाने की बात कही गई है ताकि भव्य आयोजनों में इन मानस मंडलियों को पूरा उत्सुकता के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित हो सके।

इसके साथ ही प्रत्येक जिला स्तरीय संस्थानों/विकासखण्ड स्तरीय / धार्मिक ट्रस्टों / मंदिर समितियों के साथ समन्वय करके उनके सहयोग के साथ जन जन के धार्मिक महत्व के इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। नगरीय निकायों/ग्राम पंचायतों को इस आयोजन में भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उक्त दिवस में भवनों में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए है

कार्यक्रम की रूपरेखा : प्रत्येक विकासखण्ड स्तर से कम से कम ऐसे एक विशिष्ठ मंदिर में दिनाँक 22 जनवरी, 2024 को दीप प्रज्जवलन, दीपदान एवं लाईटिंग व्यवस्था की जाए। उक्त मंदिर प्रांगण में प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर क्षेत्र के 05 मानस मंडलियों के मानस गायन का आयोजन उक्त दिवस में आयोजित किया जायेगा। उसी तरह प्रत्येक संभाग एवं जिला मुख्यालयों में भी कम से कम एक प्रतिष्ठित मंदिर तय कर उपरोक्त वर्णन अनुसार भव्य आयोजन किया जायेगा।

बजट आवंटन : विकासखण्ड स्तर पर आवश्यक कार्यक्रम व्यवस्था हेतु राशि 25000 रुपए, प्रत्येक विकासखण्ड में पंजीकृत 05 मानस गायन दलों के लिए प्रोत्साहन राशि 5000 रुपए के मान से, संभाग स्तरीय कार्यक्रम आयोजन हेतु राशि 1.00 लाख रुपए के मान से तथा संभाग मुख्यालय में पंजीकृत प्रत्येक संभाग से 5-5 मानस गायन दलों के लिए प्रोत्साहन राशि 5000 रुपए के मान से प्रदान किए जायेंगे।

धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रभु राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपूर्ण भारतवर्ष के लिए आस्था का विषय है इसलिए सामाजिक संस्था / मंदिर ट्रस्ट/मंदिर समितियों एवं आम जनमानस से इस भव्य और दिव्य आयोजन को सफल बनाने सहयोग का आग्रह है।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, शनिवार 13 जनवरी 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

राष्ट्रीय युवा दिवस पर रैली एवं मसारोह का आयोजन

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में 12 जनवरी 2024 को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की नेहरू युवा केंद्र संगठन रायपुर, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं 7 एनसीसी बटालियन के संयुक्त तत्वाधान द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया।

सर्वप्रथम महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा महाविद्यालय प्रांगण से जिला बलौदा बाजार कलेक्टरेट मार्ग होते हुए नगर पालिका तक सड़क सुरक्षा नारा रैली एवं विवेकानंद जी का उत्प्रेरक वचनों को रैली के माध्यम से शहर वासियों में जागरूकता अभियान फैलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्री चितावर जायसवाल के साथ सभी महाविद्यालय छात्रों एवं नगर पालिका अधिकारियों ने युवा दिवस पर माननीय श्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के युवकों को संबोधन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। चितावर जायसवाल ने सभी युवकों को स्वामी विवेकानंद जी की तरह सभी को ऊर्जावान बनने, देश की प्रगति में सहयोग करने, एवं अपने लक्ष्य के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किए। प्रधानमंत्री जी का भाषण ने सभी के मन में नया जोश का संचार किया। महाविद्यालय से मोहनलाल वर्मा, जयंत मिंज, योगेंद्र कंवर, अमृतलाल चौधरी, अभिषेक बंजारे, डॉ नबी खान, डॉ अजय अधोलिया, गणेश राम कुर्रे, रुपेश देवांगन एवं बलौदा बाजार सड़क परिवहन विभाग द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

महाविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा में स्नातकोत्तर हिंदी विभाग द्वारा अपरान्ह 2 बजे से विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन में आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पूर्णिमा साहू ने हिंदी की महत्ता और विश्व के अनेक देशों में इसके फैलाव की प्रशंसा करते हुए छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। रसायन शास्त्र विभाग से विभाग अध्यक्ष डॉक्टर अनीता सरीन ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के आह्वान पर प्रतिवर्ष विश्व हिंदी दिवस मनाने एवं आम जनों में हिंदी के विकास संबंधी जागरूकता पर प्रकाश डाला। हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर उमाकांत मिश्रा ने नागपुर में पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा उद्घाटित 10 जनवरी 1975 के सम्मेलन से इसका आरंभ बतलाया। विश्व हिंदी सचिवालय मॉरीशस में स्थापित होने और 12 मार्च 2015 में प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी द्वारा रखी गई मॉरीशस में आधारशिला की जानकारी उन्होंने दी। डॉ मिश्रा ने विश्व हिंदी सचिवालय के सदस्य के रूप में भारत, मौरीसश, फिज़ी, सूरीनाम और नेपाल का उल्लेख करते हुए विश्व पटल पर हिंदी के विकास के लिए युवाओं के कर्तव्य पर प्रकाश डाला। हिंदी विभाग द्वारा दिनांक 15 जनवरी से 20 जनवरी तक भाषाई दक्षता पर एक विशेष पाठ्यक्रम संचालित करने का संदेश विभाग अध्यक्ष द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अतिथि व्याख्याता कुमारी पूजा गुप्ता ने हिंदी के संबंध में महात्मा गांधी एवं डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के कथन का उलझ कर छात्र-छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया। धन्यवाद ज्ञापन के क्रम में अतिथि व्याख्याता डॉक्टर मनीष ने स्पष्ट किया की आरंभ में विश्व हिंदी दिवस पर केवल 30 देश के 122 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। परंतु आज लगभग 100 देश और 2000 प्रतिनिधि इसमें भाग लेते हैं। पूर्व में विश्व हिंदी सम्मेलन चार वर्षों में आयोजित होता था किंतु अब तीन वर्षों में ही यह सम्मेलन आयोजित होता है। आगत अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के उपरांत कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./8266/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 12-01-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 8266
वार्ड का नाम-64-विपिन बिहारी सूर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 64 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR656A0001B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BADRI NARAYAN YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. KHARARI NARAYAN YADAV** के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती **ओम प्रकाश कश्यप** पिता/पति, श्री/श्रीमती **संजय कश्यप** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मलमा बिक्रीनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./8265/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 12-01-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 8265
वार्ड का नाम-44-ब्राम्हणपारा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR758D00120** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MANRAKHAN DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LALUVA RAM DEWANGAN** के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती **गोपी कृष्ण देवांगन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व.लोकनाथ देवांगन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद,सहमती पत्र, परिचय पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र.572 दिनांक 12.01.2024
वार्ड का नाम-रविशंकर शुक्ल वार्ड,
वार्ड क्र. 13 वर्ष- 2023-24

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 13 मांग **पंजी क्र. 48 युआईडी 16623** अनुसार अधिभोगी का नाम **श्री/श्रीमती रोहित निषाद/भगवानी निषाद** से दर्ज है, **श्री/श्रीमती शंकर निषाद/भगवानी निषाद** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा/वंशानुक्रम/बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **11-02-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की काई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

रायपुर के रवि सावडिया ऑल इंडिया लेवल में 20वॉ रैंक प्राप्त कर सीए बने

रायपुर (विश्व परिवार)। रवि सावडिया ने सीए फाइनल का बोथ ग्रुप पहले प्रयास में ऑल इंडिया लेवल में 20 वां रैंक प्राप्त करते हुए क्लियर किया। रवि सावडिया ने सीए का सीपीटी 9 वें रैंक के साथ एवं सीए इंटर 12वें रैंक के साथ क्लियर किया था। रवि ने बताया कि पापा सीए हैं, इसलिए उन्होंने भी सीए कर लिया, परन्तु वे कलेक्टर बनना चाहते हैं, जिसकी पढ़ाई के लिए वे दिल्ली जा रहे हैं, दरअसल रवि के पापा एक चौपाल कार्यक्रम के तहत बुजुर्गों की सेवा भी करते हैं, जिससे रवि के मन में लोगों के प्रति सहानुभूति पैदा हो गया, इसलिए भले ही प्रशासनिक सेवा के अंतर्गत परन्तु वे जनता से जुड़े रहकर सेवा के कार्य करना चाहते हैं। रवि अपनी तैयारियों को लेकर कहते हैं कि पापा मेरे प्रेरणा है, साथ ही एक्जाम की तैयारियों के लिए खुद को तैयार करना भी उतना ही जरूरी है, रवि के अनुसार एक्जाम के दिनों में 102 डिग्री फीवर में भी टेबलेटस् लेकर एक्जाम में वेरीगुड मार्क्स हासिल किए। रवि ने बताया कि उन्होंने रिवीजन से एवं टेस्ट सीरीज के माध्यम से निरंतर अभ्यास किया। रवि सावडिया सीए मधुसूदन सावडिया के सुपुत्र है एवं उनकी माताजी श्रीमती निधि सांवडीया गृहणी है।

नि :शुल्क स्क्रीनप्ले राइटिंग कोर्स का 15 जनवरी से होगा आयोजन

जशपुर (विश्व परिवार)। जिला प्रशासन जशपुर और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की स्वायत्त संस्था भारतीय

फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे के द्वारा संचालित बेसिक कोर्स इन स्क्रीनप्ले राइटिंग के 10 दिवसीय निशुल्क और आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में 15 जनवरी से 24 जनवरी 2024 तक कराया जा रहा है। जिले के निवासी जशपुर में ही स्क्रीन-प्ले राइटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने करियर का चुनाव कर सकेंगे। प्रतिभागियों को फिल्म संस्थान पुणे से आए प्रशिक्षक नियाज मुजव्वर के द्वारा स्क्रीन-प्ले राइटिंग की कला सिखाई जाएगी। नियाज मुजव्वर का 14 वर्षों का स्क्रिप्ट राइटिंग और डायरेक्शन का अनुभव रहा है। उन्हें डायरेक्टर के रूप में 67 वां नेशनल फिल्म अवार्ड, नेशनल इंटीग्रेशन 2019 सर्वश्रेष्ठ फिल्म और इंडिक फिल्म फेस्टिवल सर्वश्रेष्ठ फिल्म अवार्ड मिल चुका है। इनके द्वारा निर्देशित की गई फिल्में ताजमहल, डिस्को सनाया 2016, ग्यारह दिन 2022 , मिनी सीरीज की बलम पिचकारी और लघु फिल्मों में अन्नपूर्णा, जस्ट वन साइन आदि हैं। इन्होंने राइटर के रूप में केसरी 2020, तुझा आइला 2019, सेक्स ड्रग एंड थियेटर, अनदर प्लैनेट 2019 , फरार 2022 जैसी फिल्में की है।

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस)
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी.
मानेसर, गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated
Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6
सार्वजनिक सूचना

(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में)

सार्वजनिक नोटिस :ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/683 **दिनांक: -28.12.2023**

संदर्भ:
1.कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (13) कम्पनियों का नाम छत्तीसगढ राज्य से हटाने के मामले में:

S.No	Work Item	CIN	हिंदी नाम
1	AA6374385	U51909CT2022PTC014009	अबर इंटरनेशनल एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
2	AA3456087	U93090CT2019PTC009041	हियरकेन हेल्थ केयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
3	AA3873125	U72900CT2022PTC013479	उडाग्रा टेलीकॉम डिजिटल इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड
4	AA6366772	U01120CT2022PTC013716	ग्लोशाइन फार्म ऑर्चर्ड प्राइवेट लिमिटेड
5	AA3578008	U01100CT2021PTC011674	नौ रत्न एग्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
6	AA2414998	U01100CT2020PTC010747	क्रॉपसन एग्री सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड
7	AA6228372	U93090CT2020PTC010220	श्रेष्ठम बीपीओ प्राइवेट लिमिटेड
8	AA2394999	U74999CT2019OPC009791	महामाया डिजिटल मीडिया (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
9	AA2407259	U92190CT2019PTC009495	पीएमआर एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड
10	AA3693686	U74999CT2021OPC011777	त्विशा एयरपोर्ट सर्विसेज (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
11	AA2465662	U85100CT2018PTC008515	जिवंता मेडिसिटी प्राइवेट लिमिटेड
12	AA6005370	U40100CT2013PLC000681	एवरबेस्ट पावर लिमिटेड
13	AA3275890	U80902CT2015PTC002030	ज्ञानवर्ल्ड एजुकेशन एंड ट्रेनिंग प्राइवेट लिमिटेड

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है ।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं ।

(हरिहर साहू)
पंजीयक
प्रसंस्करण त्वरित कॉर्पोरेट निकास केंद्र

CBC 07123/11/0279/2324

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी, बोरियाकला, रायपुर में दीनदयाल आवास योजनांगर्त निर्मित एल.आई.जी.फ्लैट क्रमांक-455, ब्लॉक नं.- 29, प्रथम तल **श्री उत्सव तन्ना पिता स्व.श्री ललित मोहन तन्ना** निवासी- वार्ड नं.-04, बालक चौक, सुंदर गंज, धमतरी (छ.ग.) के नाम पर इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्र.-123 दिनांक **08.08.2011** के आधार पर नामांतरित है। नामांतरित व्यक्ति की मृत्यु दिनांक **15.11.2022** को होने के उपरांत उनकी पत्नी **श्रीमती हर्षा तन्ना पति स्व. श्री उत्सव तन्ना** निवासी- वार्ड नं.-04, बालक चौक, सुंदर गंज, धमतरी (छ.ग.) द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। प्रस्तुत आवेदनों के आधार पर उक्त फ्लैट **श्रीमती हर्षा तन्ना पति स्व. श्री उत्सव तन्ना,** के नाम पर **मृत्यु उपरांत नामांतरण** किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उक्त भवन/भूखण्ड/फ्लैट के **मृत्यु उपरांत नामांतरण** के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाश के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा नियत समयावधि पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा डुमरतराई फेस-II कॉलोनी, रायपुर में निर्मित सामान्य आवास योजनांतर्गत फ्लैट क्रमांक **ई.डब्ल्यू.एस.- 405, ब्लॉक नम्बर-01, चतुर्थ तल, श्री अमित ज्ञानचंदानी पिता स्व. श्री रमेश ज्ञानचंदानी,** के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट की लीजडीड दिनांक **11.07.2019** को पंजीकृत कराने उपरान्त फ्लैट की पूर्ण राशि जमाकर इस कार्यालय का पत्र क्रमांक **3491** दिनांक **23.07.2019** के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी **श्री अमित ज्ञानचंदानी पिता स्व. श्री रमेश ज्ञानचंदानी,** निवासी- ई.डब्ल्यू.एस.- **124,** देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को **श्रीमती नंदनी जाल पति श्री विकास जाल,** निवासी- मकान नम्बर- **23/743,** हनुमान मंदिर के पास, राजनगर, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिए इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अत: उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था,निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन, प्रक्षेत्र-03, रायपुर छ.ग.

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत धनसुली रायपुर में स्थित भवन क्रमांक **एल.आई.जी.-1 ए, श्री प्रवीण कुमार विश्वकर्मा पिता श्री एस.पी. विश्वकर्मा एवं श्री अतुल कुमार विश्वकर्मा पिता श्री एस.पी. विश्वकर्मा, श्री अतुल कुमार विश्वकर्मा पिता श्री एस.पी.विश्वकर्मा द्वारा आम मुख्यार श्री प्रवीण विश्वकर्मा,** के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक **16.03.2011** को लीजडीड पंजीकृत उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। आबंटी द्वारा दिनांक **13.09.2022** को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती होमकारणी साहू पति श्री नेतराम साहू,** निवासी-वार्ड नं.-**07,** मकान नं.-**93,** कल्लई पारा, खम्हरिया बेमेतरा, तहसील व जिला-बेमेतरा (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक **24.11.2022** को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता **श्रीमती होमकारणी साहू पति श्री नेतराम साहू,** द्वारा उक्त भवन को **फ्री-होल्ड** पश्चात् अपने नाम पर मण्डल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त फ्लैट का **फ्री-होल्ड** उपरांत मण्डल अभिलेख में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./39/288/न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 12-01-2024

आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 39/288
वार्ड का नाम-48-मदर टेरेसा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मदर टेरेसा वार्ड- **48** स्थित/भूमि/दुकान **क्र.-01,IDMST** योजना अंतर्गत देवेन्द्र नगर रायपुर, जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती **श्री मुकेश सचदेव** पिता/पति **स्व. लक्ष्मण सचदेव** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **श्री मुकेश सचदेव** पिता/पति **स्व.लक्ष्मण सचदेव** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**अनुबंध एवं विक्रय विलेख**/ प्रतिलिपी संलग्न की जाये वर्ष- 2023-23/रसीद की छायाप्रति संलग्न, अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./40/288/न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 12-01-2024

आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 40/288
वार्ड का नाम-48-मदर टेरेसा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मदर टेरेसा वार्ड- **48** स्थित/भूमि/दुकान **क्रमांक भूतल-09** अंतर्गत रवि ग्राम, तेलीबांधा रायपुर, जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती **श्री गोपीचंद सचदेव** पिता/पति **स्व. केवलराम सचदेव** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **श्री गोपीचंद सचदेव** पिता/पति **स्व. केवलराम सचदेव** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**अनुबंध एवं विक्रय विलेख**/ प्रतिलिपी संलग्न की जाये वर्ष- 2023-23/रसीद की छायाप्रति संलग्न, अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./8142/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 09-01-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 8142
वार्ड का नाम-10-रानी लक्ष्मी बाई वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 10 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227R0222C** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AVINASH JAIN S/O NIRMAL KUMAR JAIN, SMT. SHILPA JAIN W/O AVINASH JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AVINASH JAIN S/O NIRMAL KUMAR JAIN, SMT. SHILPA JAIN W/O AVINASH JAIN** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. **श्री भगवान दास अग्रवाल 2. श्री शंकर अग्रवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **दोनों के पिता श्री राम भगत अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री विमल कुमार शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./8329/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 12-01-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 8329
वार्ड का नाम-59 -मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 59 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR653M00093** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती LALITA THAKUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. JANARDAN THAKUR** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती 1. AVINASH SINGH PARIHAR 2. KANCHAN THAKUR 3. KIRAN THAKUR पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O 1. LATE J.S.THAKUR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**B1 AND DEATH CERTIFICATE**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./7771/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 12-01-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 7771
वार्ड का नाम-59 -मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 59 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR653A00178** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती SHAHIDA PARVIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MD. KALIM HUSSAIN** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती MO. AKHATAR HINGORA पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE ALTAF HINGORA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**MALMA BIKRINAMA & SHAPATH**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./7768/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 12-01-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 7768
वार्ड का नाम-59 -मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 59 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR653I00046** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती SHEKH SHAKIL KHAN NASIR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NASIR KHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती GAUSIYA MASJID (SUNNI HANFI MASJID) पिता/पति, श्री/श्रीमती C/O MUTWALLI SAYYED MOINUDDIN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**MALMA BIKRINAMA & SHAPATH PATR**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र.573 दिनांक 12.01.2024
वार्ड का नाम-सुभाष चन्द्र बोस वार्ड,
वार्ड क्र. 35 वर्ष- 2023-24

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **35** मांग **पंजी क्र. 482 युआईडी 29381** अनुसार अधिभोगी का नाम **श्री/श्रीमती जोहरा बेगम/सलिमुद्दीन** से दर्ज है, **श्री/श्रीमती पंजू गेन खान/गेन खान** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा/वंशानुक्रम/बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **11-02-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की काई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र.574 दिनांक 12.01.2024
वार्ड का नाम-इंदिरा गांधी वार्ड,
वार्ड क्र. 34 वर्ष- 2023-24

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **34** मांग **पंजी क्र. 341 युआईडी 28743** अनुसार अधिभोगी का नाम **श्री/श्रीमती सविता यादव/राजकुमार यादव** से दर्ज है, **श्री/श्रीमती त्रिभुवन साहू/राजेश कुमार साहू** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा/वंशानुक्रम/बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **11-02-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की काई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर, शनिवार 13 जनवरी 2024

सशक्त लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी - कलेक्टर

ईव्हीपीजी महाविद्यालय में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में शिविर का हुआ आयोजन

छात्र-छात्राओं ने मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने एवं मतदान करने का लिया संकल्प

कोरबा (विश्व परिवार)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 6 जनवरी 2024 से 22 जनवरी 2024 तक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जिले में संचालित है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत बसंत की उपस्थिति में आज ईव्हीपीजी महाविद्यालय कोरबा में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में नवीन मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम दर्ज किए जाने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने युवा मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि लोकतंत्र के निर्माण में अधिक से अधिक मतदान का होना आवश्यक है। इसलिए मतदाता बनने के पश्चात मतदान दिवस को अपना बहुमूल्य वोट अवश्य डालना चाहिए। शिविर में कलेक्टर द्वारा महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं विशेष कर नव प्रवेशित प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित छात्र-छात्राओं को अपना नाम सूची में दर्ज कराने की अपील की। महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं कलेक्टर को अपने बीच पाकर काफी उत्साहित थे। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने एवं आगामी निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने का शपथ लिया।

सीईओ जिला पंचायत यादव ने की पीएम आवास योजना के प्रगति की समीक्षा

रायगढ (विश्व परिवार)। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने आज जनपद पंचायत तमनार के सभाकक्ष में बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अप्रारंभ कार्य को शुरू करने तथा प्रगतिरत आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने निर्देशित किया। सीईओ यादव ने आवास प्रगति को लेकर सक्रिय व सराहनीय कार्य करने वाले ग्राम पंचायत महलोई के तकनीकी सहायक दीपक चंद्राकर, सचिव सत्यनारायण गुप्ता, रोजगार सहायक सत्यनारायण यादव, ग्राम पंचायत गौरबहरी के तकनीकी सहायक दिलीप सिंह सिदार, सचिव हेमसागर साव, रोजगार सहायक ललिता सिदार, सराइटोला सचिव तेजराम पटेल को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा स्वच्छ भारत मिशन के ऑपरेटर कार्तिकेश्वर यादव की ओडीएफप्लस कार्य में उल्लेखनीय कार्य हेतु सराहना की। बैठक में सीईओ जनपद पंचायत, कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, सचिव व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

नदी में नहाने डुबकी लगाया, पर जिंदा नहीं निकला बाहर

कोरबा (विश्व परिवार)। अहिरन नदी में नहाने उतरा व्यक्ति, पानी में डूबकी लगाने के बाद बाहर नहीं निकला। आसपास नहा रहे लोगों ने उसकी खोजबीन की और बाहर निकाला, तब तक उसकी मौत हो चुकी है। सूचना पर पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई बाद शव स्वजनों को सौंप दिया। घटना बांकीमोंगरा थाना अंतर्गत बल्गी मोड़ के पास अहिरन नदी में हुई। बताया जा रहा है कि सुराकछार बस्ती निवासी दरश राम यादव 45 वर्ष नदी में नहाने पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि कपड़ा उतार वह पानी में उतरा और डूबकी लगाया। इसके बाद वापस नहीं आया। आसपास नहा रहे कुछ युवकों ने देखा कि दरश बाहर नहीं निकला है, तब उन्होंने पानी में खोजबीन की, तो दरशराम मिला। बाहर निकाल सीढी पर रखा और परीक्षण किया, तब तक दरश राम की सांसे थम चुकी थी। इस बीच किसी ने घटना की सूचना बांकीमोंगरा पुलिस को दी।स्थल पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि दरश की मौत कैसे हुई।

गौ तस्करी मामले में मुख्य आरोपी फिरोज गिरफ्तार

कोरबा (विश्व परिवार)। कोरबा जिले की बांगो पुलिस ने गांव तस्करी से जुड़े एक मामले में मुख्य आरोपी फिरोज हजजम को जशपुर जिले के लोदाम थाना क्षेत्र के साइटांगरटोली गांव से गिरफ्तार कर लिया है । दिसंबर महीने में गौ सेवकों ने अपनी सक्रियता से पुलिस की मदद लेकर गायों से भरी एक वाहन पकड़ी थी। इस मामले में जो मवेशियों को मुक्त कराया गया था जबकि दो गायों की मौत हो गई थी। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी मोहम्मद फिरोज हजाम के द्वारा दिनांक 26 दिसंबर 2023 के रात्रि 11.00 बजे सफेद रंग के बोलेरो पीकप वाहन कमांक-जेएचध्01ध्डीजीध्5436 में 10 नग गौ वंश जिसमें 02 नग मृत एवं 08 नग जीवित गौ वंश को बूचड खाना बघ हेतु परिवहन करते पाये जाने पर प्रार्थी कृष्ण अवतार यादव पिता रामलाल यादव उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम लालपुर माचाडोली थाना बांगो एवं अन्य के द्वारा ग्राम पाथा खैरबहरी पारा में पकड कर पेश किये तथा आरोपी चालक के द्वारा पीकप वाहन को छोडकर भागने संबंधी रिपोर्स दर्ज कराने पर दिनांक 27.12.2023 को अपराध धारा सदर पंजीबद्ध किया गया है। विवेचना दौरान घटना स्थल का निरीक्षण कर प्रार्थी एवं गवाहों के कथन लिया गया। बोलेरो पीकप वाहन कमांक-जेएच.01.डीजी.5436 में 10 नग गौ वंश जिसमें 02 नग मृत एवं 08 नग जीवित गौ वंश को बरामद कर जप्त किया गया। मृत 02 नग गौ वंश पशु गाय को पशु चिकित्सक पोडी उपरोडा जिला कोरबा से पीएम कराया गया पीएम रिपोर्ट प्राप्त है। मामले के फरार आरोपी गौ तस्कर का कुनकुरी जिला जशपुर छ0ग0 तरफआने की मुखबिर द्वारा सूचना देने पर गौ वंश तस्कर आरोपी मोह फिरोज हजाम पिता मोह0 अब्दुल जलील हजाम, उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम साई टांगर टोली वार्ड कमांक-20 थाना लोदाम, जिला जशपुर छ0म0 को कुनकुरी पुलिस के साथ घेराबंदी कर पकडा गया। जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी मोह0 फिरोज हजाम को थाना बांगो सुरक्षार्थ हमराह स्टाफ लाये आरोपी मोह0 फिरोज हजाम के विरुद्ध अपराध धारा सदर के घटित करने का पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से गिर के कारण से अवगत कराते हुये पहचान कर दिनांक 10.01.2024 के 13.00 बजे विधिवत गिरण किया गया है। धारा सदर अजमानतीय होने से चेक लिस्ट फार्म भरकर न्यायिक रिमाण्ड तैयार रीकर हेत बुचडखाना ले जाने का काम करता है।

ग्राम घरघोड़ी में महिला समूह के साथ आबकारी विभाग की कार्यवाही

रायगढ (विश्व परिवार)। सचिव आबकारी सुश्री आर.संगीता के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में जिले में आबकारी अपराधों पर कार्यवाहियां निरंतर जारी है। इसी क्रम में गत दिवस जनचौपाल में प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आबकारी अमले द्वारा ग्राम घरघोड़ी में महिला समूह की निशानदेही पर तलाशी अभियान चलाया गया। जिसमें 12 बोतलों और 3 जरीकेन में कुल 39 लीटर अवैध आसवित मदिरा एवं 50 पालीथिन बोरियों में कुल 1000 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद हुआ। अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की गैर जमानती धाराओं में प्रकरण कायम किया गया। आरोपियों की पतासाजी का प्रयास किया जा रहा है। महिला समूह को आबकारी विभाग से संपर्क बनाए रखने और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी देते रहने को कहा गया है। कार्यवाही आबकारी वृत्त घरघोड़ा के उप निरीक्षक हाबिल खलखो द्वारा की गई। जिसमें मुख्य आरक्षक कमलेश दुबे, नेल्सन लवेट आरक्षक राजेश्वर ठाकुर, तुलेश्वर राठौर, नगर सैनिक सरोज कंवर का योगदान रहा। महिला समूह सदस्य रूपकुंवर, पुष्पा समेत अन्य महिलाएं साथ में उपस्थित रही।

सभी मंदिरों की बढ़ेगी चमक, 14 से दीप होंगे प्रज्वलित

प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर तैयारी शुरू

भाजपा कार्यकर्ता वार्डों के मंदिरों में चलाएंगे स्वच्छता अभियान

कोरबा(विश्व परिवार)। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश के हर मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम मंदिर का आगमन हो रहा है, कोई भी मंदिर में अस्वच्छता न रहे। इसके साथ ही कोरबा में भी इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। मंदिरों में तो स्वेच्छा से धार्मिक समितियां मंदिर के साथ परिसर में स्वच्छता अभियान चला कर दीप जलाएंगे। साथ ही भाजपा के कार्यकर्ता भी इस पावन पहल में अपनी भागीदारी निभाएंगे। शहर की तमाम मंदिरों की साफ-सफाई के लिए वार्डवार जवाबदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी जाएगी। राम मंदिर के निर्माण व उद्घाटन को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा। अयोध्या से भेजे गए अक्षत कलश यात्रा जहां से भी गुजर रही, आस्थावान लोग वहां पूजन करने पहुंच रहे। लंबे अरसे से जिस घड़ी का इंतजार था, वह 22 जनवरी को पूरा होने जा रहा। दीवानगी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दस दिन पहले कोरबा से रामभक्तों का एक जत्था 720 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर अयोध्या जाने निकल पड़ा। रामपुर क्षेत्र का रहने वाला एक नवयुवक साइकिल पर राम नाम जपते अयोध्या के लिए रवाना हुआ है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाए जाने की अपील ने भक्तों को और उत्साहित कर दिया। इसके साथ ही राम के काज में भाजपा के कार्यकर्ता जुट गए हैं। बैठक कर इसके लिए एक समिति भी गठित की गई है।

वैज्ञानिक चेतना के प्रचार-प्रसार के लिए किया जा रहा कार्यक्रमों का आयोजन

कोरबा (विश्व परिवार)। लोक विज्ञान पर्यावरण सुधार संतुलित विकास छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा ग्राम चुइया के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एनएसएस कैंप के छात्राओं से वैज्ञानिक जागरूकता संबंधी चर्चा की गई। उपस्थित छात्राओं एवं ग्राम चुईया की महिलाओं की उपस्थिति में विज्ञान सभा के कोरबा इकाई के सचिव दिनेश कुमार द्वारा अंधविश्वास और जादू टोने के पीछे छिपे विज्ञान के छोटे-छोटे प्रयोगो द्वारा वैज्ञानिक तथ्यों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में निधि सिंह द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं ऊदबिलाव के संरक्षण हेतु विशेष बातें सभी के साथ साझा की गई। सर्पदंश से बचाव तथा सर्पदंश के पश्चात तुरंत चिकित्सालय जाने और सर्पदंश के पश्चात की ध्यान रखने वाली सावधानियां इस संबंध में सभी को विशेष जानकारी दी गयी एवं जीव जंतु संरक्षण हेतु सभी से सहयोग करने का निवेदन किया गया। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के गठन एवं जन सामान्य में वैज्ञानिक चेतना की आवश्यकता के विषय में वेद व्रत उपाध्याय सहायक प्राध्यापक कमला नेहरू महाविद्यालय द्वारा सभी को जानकारी दी गई। लोकेश राज चैहान द्वारा मानव जंतु द्वंद एवं इसके बचाव के उपायों के संबंध में सभी को जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरएफसी भास्कर श्रीवास, जनपद सदस्य जयपाल सिंह राठिया, ग्राम चिड़िया सरपंच शिवराज राठिया, कोरबा व्याख्याता श्रीमती सविता पाठक एवं श्रीमती रेणुका लदेर का विशेष सहयोग रहा।

रोस्टर बना कर रेवेन्यू ऑफिसर प्रतिदिन उपार्जन केंद्र में करायें अपनी उपस्थिति दर्ज- कलेक्टर

सूरजपुर (विश्व परिवार)। कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा धान खरीदी के संबंध में आज एनआईसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक रखी गई थी। जिसमें समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक, समिति प्रबंधक अपने-अपने जनपद पंचायत स्थित वीडियो कान्फ्रेंस रूम या स्वान कक्ष के माध्यम से जुड़े थे। इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शासन द्वारा जारी दिशानिर्देश के तहत ही धान खरीदी की जाये। इसके साथ ही उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदार को निर्देशित किया कि रोस्टर बना कर रेवेन्यू ऑफिसर प्रतिदिन उपार्जन केंद्र में उपस्थिति दर्ज करायें। इसके साथ ही सभी रेवेन्यू ऑफिसर को निर्देशित किया गया कि धान उपार्जन केंद्र में सभी पंजी का अवलोकन करें एवं निरीक्षण पंजी में अनिवार्य रूप से टीप लिखे होना चाहिये। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी एसडीएम को को बैंक के साथ संबंध में स्थापित करने के लिए कहा ताकि धन विक्रय के पश्चात किसानों को राशि अन्तरण समय पर हो। इसके पश्चात वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में खाद्य अधिकारी विजय किरण द्वारा कॉन्फ्रेंसिंग में जुड़े सभी अधिकारियों को धान उपार्जन केंद्र में खरीदी की पूरी प्रक्रिया को क्रमवार विस्तार पूर्वक बताया गया। एनआईसी कक्ष में उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, नोडल कोऑपरेटिव बैंक, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम उपस्थित थे।

श्रीराम की भक्ति ऐसी कि रामपुर से अयोध्या के लिए साइकिल पर निकल पड़े दिलेश्वर पटेल

ऐतिहासिक पल का बनेंगे साक्षी, राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में होंगे शामिल

कोरबा (विश्व परिवार)। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा है, ऐसे में श्रीराम भक्तों में उत्साह के साथ उनके हौसले भी दिखाई दे रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर का कपाट भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा। ऐसे में इस ऐतिहासिक दृश्य का साक्षी बनने के लिए देश-विदेश के कई लोग अयोध्या की ओर अभी से ही रूख करने लगे हैं। ऐसा ही एक दृश्य कोरबा जिले के करतला विकासखण्ड से निकलकर सामने आया है। यहां करतला विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत व विधानसभा रामपुर के 20 वर्षीय दिलेश्वर पटेल अपनी जन्मभूमि रामपुर से साइकिल पर रामनाम की अलख जगाते हुए आज सुबह 09 बजे से निकल चुके हैं। वे करीब 12 दिन का सफर तय कर श्री राम जन्मभूमि अयोध्या पहुंचेंगे और 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे। दिलेश्वर ने बताया कि राम मंदिर निर्माण की आस लगाए बैठे थे। यह आस उनकी जल्द ही पूरी होगी। कई लोग ट्रेन से जा रहे हैं लेकिन मैंने साइकिल से यह यात्रा पूरी करने की ठानी है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम जी मेरे दिल में बसे हुए हैं, दिल के सहारे उनके मंदिर तक मैं पहुंच जाऊंगा। प्रभु श्री राम का बुलावा आ गया है इसलिए अब मुझे हर हाल में अयोध्या जाना है। भगवान श्रीराम अपने मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। इस ऐतिहासिक दृश्य को देखना हर हिंदू का एक सपना है। इसीलिए मैं अपने घर से अयोध्या साइकिल से जा रहा हूँ।

जिले के दवा विक्रेता एवं मेडिकल स्टोर्स संचालकों की कोरबा पुलिस ने ली मीटिंग

प्रतिबंधित दवाइयों का बिना डाक्टरी सलाह से न हो बिक्री

कोरबा(विश्व परिवार)। पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा के द्वारा राज्य में किसी भी प्रकार के अवैध नशा पर प्रभावी कार्यवाही के विरुद्ध अभियान चलाकर अवैध शराब, गांजा एवं अवैध नशीली पदार्थ के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है जिस पर पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर श्री अजय यादव एवं पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री जितेंद्र शुक्ला से मार्गदर्शन प्राप्त कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री भूषण एक्का के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोरबा के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिले के दवाई दुकान के संचालक एवं फार्मासिस्ट की मीटिंग लि गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा संचालकों से अपील की गई कि ऐसी दवाई जो नशा के लिए उपयोग में लाई जाती है उन दवाओं को बगैर डाक्टर पर्ची के लोंगो को न बेची जाये। साथ ही ऐसे लोग जो इन दवाओं को ज्यादा ख़रीदते हो उनके बारे में पुलिस को सूचना देवें, ताकि उन लोगों के बारे पता किया जा सके कि कहीं इन दवा का गलत उपयोग तो नहीं हो रहा है। दपजव्रंमचंउ, ंसचव्रंवसंउ, बसवव्रंमचंउ, ंचेंउव चतवइलअवद, दपजतंअमज, मजप्रवसंउ, बवतमइ एवम अन्य इंजेक्शन , सिरप टेबलेट को खाने से नींद या नशा जैसा लगता है उन दवाइयों का गलत उपयोग ना हो उसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।फार्मासिस्ट और दवाई दुकान संचालकों द्वारा इसमें बताया गया कि सभी प्रकार के दवाई बिक्री का रिकॉर्ड उनके पास होता है। साथ ही पुलिस की इस अवैध नशा के खिलाफमुहिम में पूरा सहयोग करने के लिए सहमति जताई।

महापौर ने सीमेंट काक्रीट सड़क निर्माण का निरीक्षण किया

कोरबा(विश्व परिवार)। आज वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस झोपड़ीपारा में बन रहे सी.सी. सड़क निर्माण कार्य की जा रहा है, जिसका निरीक्षण आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने किया। उन्होने समतलीकरण व स्लोप सही है या नहीं, कुछ स्थान पर स्लोप में गड़बड़ी देखकर निगम के अधिकारियों को ठीक कराने के निर्देश देते हुए, सतत मानीटरिंग कर सडक निर्माण हो या रिपेयरिंग कार्य हो, सही दिशा में कार्य कराये, समय पर क्यूरिंग करायें ताकि सड़क निर्माण कार्य मजबूती से हो सके, जिससे उस सड़क पर लोगों को आने-जाने में परेशानी न उठानी पड़े। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने बस्तीवासियों से मुलाकात कर अन्य समस्याओं से संबंधित अन्य जानकारी प्राप्त कर उनकी समस्याओं के निराकरण कराये जाने का आश्वासन दिया। वार्ड के विभिन्न मोहल्लों व पारों में भ्रमण कर अन्य समस्याओं को जान कर उसके निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को दिये। भ्रमण के दौरान एल्डरमेन रामगोपाल यादव के साथ ही वार्ड के गणमान्य नागरिक तथा निगम के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

संपादकीय

तयशुदा जीत वाला बांग्लादेशी चुनाव!

श्रुति व्यास,

सन 2024 चुनावों का वर्ष है।और साल का पहला चुनाव बांग्लादेश में है। पर इसमें नतीजा क्या होगा, यह सभी को पहले से ही मालूम है। रविवार को मतदान हुआ, और यह गारंटीशुदा है कि मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना की जीत निश्चित है। वे सन् 2009 से सत्ता में हैं और इस चुनाव से उनका पांचवा कार्यकाल शुरू होगा। जाहिर है शेख हसीना ने पहले से सुनिश्चित किया है कि जीत केवल और केवल उनकी हो। चुनावों का बहिष्कार कर रही बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के ज्यादातर नेता जेल में कैद हैं, पत्रकार चुप्पी साधे रहने के लिए बाध्य हैं। और तमाम एनजीओ की गतिविधियों पर पाबंदियां हैं। ऐसे में हसीना की पार्टी का कोई प्रभावी प्रतिद्वंदी न तो मैदान में है और ना ही नैरेटिव में। बीएनपी ने इन चुनावों को एक ढकोसला बताया है जबकि शेख हसीना ने वोट डालने के बाद जनता से मतदान में भाग लेकर लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाने का अनुरोध किया। बीएनपी को एक आतंकी संगठन बताते हुए उन्होंने दावा किया कि वे देश में लोकतंत्र कायम रखने का भरसक प्रयास कर रही हैं। एएफपी द्वारा दी गई खबर के अनुसार राजधानी ढाका के एक मतदान केन्द्र में शुरू के 30 मिनटों में केवल तीन लोगों ने वोट डाले। कई लोग अंतर्राष्ट्रीय मीडिया के प्रतिनिधियों से यह कहते सुने गए कि उन्हें धमकी दी गई है कि यदि उन्होंने सत्ताधारी अवामी लीग के पक्ष में मतदान नहीं किया तो सरकारी कल्याण योजनाओं का लाभ हासिल करने के लिए जरूरी लाभार्थी कार्ड उनसे छीन लिए जाएंगे। बांग्लादेश में लोकतंत्र की जड़ें गहरी नहीं हैं। वहां 2014 और 2019 में हुए पिछले दो चुनाव भी सत्ताधारी दल के पक्ष में झुके हुए थे।विपक्षी दल बीएनपी को लंबे समय से पंगु बना रखा है। इस चुनाव के बाद तो वह मृतप्राय: हो जाएगी। चुनाव में मुकाबला कड़ा है, यह धारणा बनाने के लिए आवामी लीग ने अपनी पार्टी के सदस्यों, उनके

> सन 2024 चुनावों का वर्ष है।और साल का पहला चुनाव बांग्लादेश में है। पर इसमें नतीजा क्या होगा, यह सभी को पहले से ही मालूम है। रविवार को मतदान हुआ, और यह गारंटीशुदा है कि मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना की जीत निश्चित है। वे सन् 2009 से सत्ता में हैं और इस चुनाव से उनका पांचवा कार्यकाल शुरू होगा। जाहिर है शेख हसीना ने पहले से सुनिश्चित किया है कि जीत केवल और केवल उनकी हो।

परिचितों और विपक्ष से दलबदल करने वालों को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। मगर जैसा अनुमान था, अवामी पार्टी की जीत सुनिश्चित है। सवाल है पांचवी बार हुए इस ढकोसले में बांग्लादेश और उसके लोकतंत्र के लिए क्या निहितार्थ हैं? क्या बांग्लादेश में लोकतंत्र नष्ट हो चुका है? इतने लंबे समय तक सत्ता में काबिज रहने से शेख हसीना न केवल दुनिया की सबसे अधिक अवधि तक शासन करने वाली महिला प्रधानमंत्री बन गईं हैं, वरन् उन पर बांग्लादेश में लोकतंत्र को समाप्त करने का भी तमंगा लग गया है। उन्होंने प्रेस को डरा दिया है और पुलिस, अदालत और न्यायपालिका को काबू में कर लिया है।यों उन्होंने अपने पिता की विरासत के इर्दगिर्द अपनी छवि गढ़ी है, जिनकी 1975 में हुए तख्तापलट में हत्या कर दी गई थी। अब राजधानी ढाका के हर हिस्से में उनका चेहरा नजर आता है। उन्होंने बीएनपी की नेता खालिदा जिया को आभाहीन बना दिया है। वे 2018 से अपने घर पर नजरबंद हैं। उनकी पार्टी के ज्यादातर नेताओं को या तो जेल में कैद कर दिया गया है, या उनकी हत्या कर दी गई है या उन्हें देश छोड़ने पर बाध्य कर दिया गया है। इसी का नतीजा है कि इस चुनाव में बीएनपी एकदम निष्क्रिय है। बावजूद इस सबके शेख हसीना बांग्लादेश की सबसे लोकप्रिय और पसंदीदा नेता हैं। एक अमरीकी जनमत सर्वेक्षणकर्ता संस्था इंटरनेशनल रिपब्लिकन इंस्टीट्यूट द्वारा पिछले वर्ष किए गए सर्वेक्षण के अनुसार हसीना की एप्रूवल रेटिंग 70 प्रतिशत थी। जनता को शेख हसीना की सरकार द्वारा किए गए विकास के बदले लोकतंत्र का कमजोर होना मंजूर है। करीब 17 करोड़ जनसंख्या वाले बांग्लादेश का प्रदर्शन विकास के कई पैमानों पर भारत से बेहतर रहा है, और जिस पाकिस्तान का वह 1971 तक हिस्सा था, उसकी तुलना में तो विस्मयकारी है। वहां साक्षरता और रोजगार की दर भारत से अधिक है। सन् 2016 से वहां आर्थिक विकास की दर 7 प्रतिशत से अधिक थी, जिससे बांग्लादेश दुनिया की सबसे तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था है और वहां लोगों के जीवनस्तर में दक्षिण एशिया के सभी अन्य देशों की तुलना में अधिक सुधार हुआ है। हसीना ने कुशलतापूर्वक और चतुराई से अपने शक्तिशाली पड़ोसियों भारत और चीन से, और अमरीका से भी संबंध निभाए हैं, जिसकी रूचि लंबे समय से वहां स्थिरता बनवाए रखने की रही है। वे अपने देश में इस्लामिक उग्रवाद को भी नियंत्रण में रखने में सफल हैं। और यद्यपि लोकतंत्र से सिकुड़ने से लोकतंत्र समर्थक चिंतित हैं, किंतु जनता का बहुमत शेख हसीना से संतुष्ट है। भारत ने चुनाव को बांग्लादेश का आंतरिक मामला बताया है। अमेरिका का कहना है कि वह उन अधिकारियों को वीजा जारी नहीं करेगा जो उसकी नजरों में लोकतंत्र को क्षति पहुंचाने के दोषी होंगे। लेकिन भारत की तरह उसे भी शेख हसीना के चीन के नजदीक जाने का भय है, और इसलिए वह उनके द्वारा किए जा रहे सत्ता के दुरूपयोग की अनदेखी कर रहा है। यूरोपियन यूनियन ने सिर्फ इतना किया कि चुनाव प्रेक्षकों का पूरा दल भेजने से इंकार कर कर दिया। दुनिया की नजरों में बांग्लादेश में लोकतंत्र खत्म हो चुका है और दुनिया उसकी मूकदर्शक है।

आर्थिक संकट से अशांति

अभी तीन साल पहले तक यह सोचना कठिन था कि जर्मनी जैसे धनी देश में किसान प्रतिरोध का ऐसा का नजारा देखने को मिलेगा। लेकिन जर्मन सरकार की प्राथमिकताओं ने देश को संकट में फंसा दिया। उसका नतीजा सामने है। यूरोप में पसरते आर्थिक संकट का असर बढ़ती सामाजिक अशांति के रूप में दिख रहा है। बात अब महाद्वीप की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था जर्मनी तक पहुंच चुकी है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से जर्मनी की मुश्किलें बढ़ती चली गई हैं। जर्मनी भी रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले देशों में उत्साह से शामिल हुआ। नतीजतन, रूस से सस्ती ऊर्जा का मिलना बंद हुआ, जिसका असर उसके उद्योग जगत पर पड़ा है। उत्पादन महंगा होने से जर्मनी के उत्पाद विश्व बाजार में पहले जैसे सस्ते नहीं रह गए हैं। इससे उनका बाजार गिरा है। दूसरी तरफ यूक्रेन युद्ध के कारण भड़की महंगाई का असर भी पड़ा। इस कारण कुछ महीने पहले जर्मनी सरकार को कमखर्ची का नीति अपनानी पड़ी। इसके तहत डीजल सब्सिडी में कटौती कर दी गई। उसका नतीजा है कि अब राजधानी बर्लिन समेत कई शहरों में किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। खेती में काम आने वाली गाड़ियों में मिलने वाली टैक्स की छूट कम कर दी गई है। इसके खिलाफ किसानों के प्रदर्शन से कई जगहों पर हाई-वे जाम हो गए हैं। इस कारण बड़े स्तर पर यातायात-परिवहन के प्रभावित होने की आशंका पैदा हुई है। सात जनवरी से ही बड़ी संख्या में किसान बर्लिन आने लगे। वहां ऐतिहासिक ब्रैंडनबुर्ग द्वार के पास उन्होंने बड़ी संख्या में ट्रैक्टर खड़े कर दिए। किसान उनके हॉर्न बजाकर भी अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। देशभर में ऐसे सैकड़ों प्रदर्शन जारी हैं। उत्तरी और पूर्वी जर्मनी में भी कई जगहों पर यातायात और जनजीवन प्रभावित होने की खबर है। कई जगहों पर किसानों की रैलियां भी प्रस्तावित हैं। किसान संगठनों ने कहा है कि विरोध कार्यक्रम और रैलियां इस पूरे सप्ताह जारी रहेंगी और 15 जनवरी को बर्लिन में एक बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। सरकार ने कमखर्ची की नीति के तहत करीब 6,000 करोड़ यूरो की बचत की योजना बनाई है। इसी का असर किसानों पर पड़ा है। अभी तीन साल पहले यह सोचना कठिन था कि जर्मनी जैसे धनी देश में इस तरह का नजारा देखने को मिलेगा। लेकिन जर्मन सरकार की प्राथमिकताओं ने देश को संकट में फंसा दिया। उसका नतीजा सामने है।

विचार

तकनीकी आधार पर राहत

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चूंकि दोषियों को सजा महाराष्ट्र में मिली थी, इसलिए उनकी रिहाई के फैसले का अधिकार महाराष्ट्र सरकार को है, ना कि गुजरात सरकार को। तो गेंद अब महाराष्ट्र सरकार के पाले में पहुंच सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने बिलकीस बानो के मामले में 11 अपराधियों को समय से पहले मिली रिहाई को रद्द करने का फैसला तकनीकी आधार पर लिया। इससे इन मुजरिमों को फिर से रिहाई मिल जाने का रास्ता बंद नहीं हुआ है। जाहिर है, समय से पहले रिहाई से व्यग्र हुए लोगों को इस मामले में फौरी राहत ही मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चूंकि दोषियों को सजा महाराष्ट्र में मिली थी, इसलिए उनकी रिहाई के फैसले का अधिकार महाराष्ट्र सरकार को है, ना कि गुजरात सरकार को। तो गेंद अब महाराष्ट्र सरकार के पाले में पहुंच सकती है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और उज्जल भुइयां की पीठ ने फिलहाल इन दोषियों को दो हफ्तों के अंदर जेल अधिकारियों के पास सरेंडर करने का आदेश दिया है। गुजरात सरकार के समय से पहले रिहाई देने के फैसले को लेकर समाज के एक दायरे में गहरी नाराजगी और मायूसी पैदा हुई थी। इसलिए ये मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। उल्लेखनीय है कि 2008 में मुंबई में महाराष्ट्र स्थित एक अदालत ने इन मुजरिमों को गुजरात में हुए 2002 के गोधरा दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ हुए सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में दोषी पाया था और उन्हें सजा सुनाई थी। बाद में इन 11 दोषियों में से एक ने गुजरात हाई कोर्ट से समय से पहले रिहाई की अपील की। तब गुजरात हाई कोर्ट ने उसकी याचिका को यह कर ठुकरा दिया था कि इस फैसले का अधिकार उसी राज्य के पास जहां सजा दी गई थी। इसके बाद महाराष्ट्र में अपील दायर की गई, जिसे ठुकरा दिया गया। उसके बाद उस अपराधी ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की कि वह गुजरात सरकार को आदेश दे। सुप्रीम कोर्ट ने मई 2022 में गुजरात सरकार को आदेश दिया कि वो समय से पहले रिहाई की उस अर्जी पर विचार करे। इसके बाद गुजरात सरकार ने सभी 11 दोषियों को रिहा कर दिया। लेकिन अब कोर्ट ने समय से पहले रिहाई के मामले में एक स्पष्ट व्यवस्था दी है। उसने इस मामले में राज्य सरकारों के अधिकार की व्याख्या की है।

बच्चों, मीडियाकर्मियों की कब्रगाह

गाजा की वाहेल दहदू की दुनिया कतरा-कतरा करक बिखर रही है। तीन दिन पहले, वाहेल ने अपने परिवार के पांचवे सदस्य, सबसे बड़े बेटे हमजा दह को दफनाया। चार महीने पहले उन्होंने अपनी पत्नी, 15 साल के बेटे, 7 साल की बेटी और 18 माह की पोती को सुपुर्देखाक किया था। परिवार के ये सभी लोग इजरायली हवाई हमलों में मारे गए थे। बावजूद इसके वाहेल की हिम्मत टूटी नहीं है। वे इजराइल द्वारा गाजा में किए जा रहे नरसंहार को दुनिया को दिखाने में जुटे हुए हैं। वाहेल दाहूद, अल जज़ीरा के गाजा ब्यूरो चीफ हैं। उनके पुत्र हमजा भी अल जजीरा के संवाददाता थे और अपने एक साथी पत्रकार मुस्तफा थुराया के साथ यात्रा पर थे जब खान युनिस के पश्चिमी हिस्से में एक इजरायली मिसाइल उनकी कार से आ टकराई। जिस कब्रिस्तान में उनके पुत्र को दफनाया गया वहीं से बातचीत करते हुए वाहेल बुझे-बुझे लेकिन शांत नजर आए। उन्होंने कहा कि वे गाजा के उन ढेर सारे लोगों में से एक हैं जो हर दिन अपने प्रियजनों को अंतिम विदाई देने को मजबूर हैं। गाजा न केवल 'हजारों बच्चों की कब्रगाह' बन गया है बल्कि यह मीडियाकर्मियों के लिए भी सबसे घातक इलाका है। गाजा पर इजरायली हमले शुरू होने के बाद के तीन महीनों में वहां 79 पत्रकार जान गवां चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। सन् 1992 से कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्टस (सीपेजे) ने गाजा के इलाकों का कवरेज करने वाले पत्रकारों के आंकड़े संकलित करने प्रारंभ किया है। तब से लेकर आज तक, गाजा में पहले महीने में मारे गए पत्रकारों की संख्या किसी भी अन्य संघर्ष में मारे गए पत्रकारों से अधिक है। दूसरे युद्ध, जो रूस और यूक्रेन के बीच 2022 से जारी है, में अब तक कुल 17 पत्रकारों ने अपनी जान गंवाई है। फ्रेंच कैमरामैन फ्रेडरिक लेकलेर्क-इमहाफ, जो मई में मारे गए, के बाद से वहां अब तक किसी पत्रकार ने अपनी जान नहीं खोई है। मगर गाजा में मारे गए पत्रकारों की संख्या द्वितीय विश्वयुद्ध में मृत पत्रकारों की संख्या (69) से अधिक हो गई है। वियतनाम युद्ध में 63 पत्रकारों ने जान गंवाई थी और सीपीजे के अनुसार, ईराक में 2003 से लेकर अब तक 283 पत्रकार मारे हैं जिनमें युद्ध के पहले माह ङ्क मार्च 2003 और अप्रैल 2003 के बीच मारे गए 11 पत्रकार भी शामिल हैं।

एक भारतीय की औकात!

हरिशंकर व्यास

उफ! नरेश गोयल। इस चेहरे ने कई भारतीयों की याद करा दी। जैसे एक राजन पिल्लई था, ब्रिटैनिया बिस्कुट का मालिक। बेचारा तिहाड़ जेल में गर्मी से फड़फड़ाते हुए मरा। ऐसे ही आर्थर रोड जेल में एक हर्षद मेहता मरा। फिर याद हो आया कैफे कॉफी डे का मालिक वीजी सिद्धार्थ। इस अरबपति ने आत्महत्या की। और जितना सोचें नाम उभरेंगे। रामलिंगा राजू, केतन पारेख, वेणुगोपाल धूत, चंदा कोचर या भगोड़ा विजय माल्या, मेहुल चौकसी, नीरव मोदी और रेलीगेर के जेलों में सड़ रहे मालिकान मालविंदर सिंह, शिवेंदर सिंह जैसे कई अरबपति भारतीय। इन्हें आप चाहें तो भ्रष्ट या लूटने वाला मानें लेकिन ये सब मानव हैं! पृथ्वी का वह प्राणी है, जिसे बेसिक गरिमा, संवेदना, सहानुभूति और न्याय का हक इसलिए है क्योंकि जन्म मनुष्य योनि में हुआ है न कि पशु योनि में। मैं सनातनी और वैष्णवी हिंदू हूं। और मेरे जीवन की संगीत खुराक में लता मंगेशकर की आवाज में 'वैष्णव जन तो तेने रे कहिए जे पीड़ पराई जाणे रे' की गूंज हमेशा गुंजती है। तभी मेरे लिखे मैं जिद् रही है कि गुलामी में रचे-रमे हम हिंदुओं को इतिहास से मिली क्रूर व्यवस्था की असंवेदनाओं पर जितना हथौड़ा मार कर लिखा जा सके लिखा जाए। हम भारतीयों का इतिहास क्योंकि कोतवालों, कारिंदों, हाकिमों और लाठियों व तलवारों की विधर्मी शासन व्यवस्था के अनुभवों का है सो, स्वाभाविक जो हम सदियों से बेगैरत, बेऔकात जिंदगी जीने की नियति लिए हैं। फिर भले वक्त मुगलों का हो, अंग्रेजों का हो, नेहरू का हो, पीवी नरसिंह राव का हो या नरेंद्र मोदी का। सोचें, भारतीयों की उद्यमिता को बंधन मुक्त बनाने वाले पीवी नरसिंह राव के वक्त पर। मैं नरसिंह राव का मुरीद था। लेकिन उनके वक्त में भी जब तिहाड़ जेल में अरबपति राजन पिल्लई की मौत हुई तो मैंने लिखते हुए सवाल किया कि भला नरसिंह राव ऐसे असंवेदनशील कैसे जो तिहाड़ में इस तरह कोई मरे! सही है राजन पिल्लई के सेठ होने के कारण उनकी मौत ने दिल-दिमाग को हिलाया था। लेकिन इसके साथ यह वास्तविकता भी थी कि एक अरबपति भी सीबीआई, ईडी, जजों, हाकिमों की असंवेदनशीलता में बेमौत मारा जाता है तो भारत की जेलों में आम आदमी किस तादाद में कैसी लावारिस, बेमौत जिंदगी जीते व मरते हैं! मैं एक बूढ़े, 83 वर्षीय स्टेन स्वामी के चेहरे को तो कतई भूल नहीं पाता, जिसे भीमा कोरेगांव की कथित साजिश में गिरफ्तार कर जेल में डाला गया और जेल में उस बीमार, बूढ़े आदमी को पानी पीने के लिए स्ट्रॉ तक उपलब्ध नहीं कराई गई। अतंत: वह बैमौत मृत्यु को प्राप्त हुआ। स्टेन स्वामी की मौत ने भी मुझे लिखने को मजबूर किया था तो इनकम टैक्स के कारिंदों की लूट और लाठी से तंग आए कैफे कॉफी डे के अरबपति वीजी सिद्धार्थ की आत्महत्या पर भी मैंने लिखा था। इसलिए कि कोई कितना ही भ्रष्ट हो, पापी हो, देशद्रोही हो वह है तो मानव समाज का वह जीव, जिसकी जिंदगी मानव मूल्यों, मानव संवेदनाओं, मानवनीय न्याय व्यवस्थाओं में रची-बसी होनी चाहिए। भारत यदि जंगल और जंगल राज नहीं है तो क्यों कर हर नागरिक बिना औकात के है या लोगों की औकात पैसे और ताकत से बनती या बिगड़ती है? क्यों कर, जिसकी लाठी उसकी भैंस है? और फिर लाठी भी सभी को उनके अलग-अलग वक्त, अलग-अलग मौके पर औकात के कम-ज्यादा होने के अनुभव करवाने वाली! जाहिर है हम लोग क्योंकि सैकड़ों सालों से मालिक बनाम गुलाम या जैसे रामजी रखेंगे वैसे रह लेंगे की नियति में बंधे आए हैं तो इसके मनोविज्ञान में सत्ता और लाठी की महिमा भी हमारी सोच और व्यवहार का एक आधार है। तभी बतौर मनुष्य हर व्यक्ति सिर्फ अपने निज सरोकारों में सिमटा होता है। इसलिए मानवीय संस्कारों, प्राथमिकताओं, मानवीय सरोकारों, मूल्यों, संवेदनाओं से गरिमा के साथ जिंदगी जीना संभव ही नहीं है। कोई भी हो और वह पैसों से या सत्ता से अपने आपको श्रेष्ठि, परमश्रेष्ठि, अरबपति, प्रधानमंत्री बना ले या मंत्री, अफसर व नायक-महानायक, हीरो बन जाए लेकिन सत्ता के खौफ में भूरेलाल-वीपी सिंह के एक वक्त मैंने धीरूभाई अंबानी को कंपकंपाते, लकवाग्रस्त होते बूझा था। जरा याद करें हाल के शाहरूख खान और उसके बेटे आर्यन के चेहरों को, याद करें पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव के अस्पताल में दाखिल उस चेहरे को जो किसी लक्खूभाई के झूठे आरोपों में फड़फड़ाती सांसें लेते हुए थे। और इस सब पर भारत के लोग, भारत का मीडिया हर वक्त लिंच करते हुए परपीड़ा में मजा लेता हुआ था। दरअसल आजादी के बाद नेहरू और संविधान सभा ने भारतीयों की औकात को अंग्रेजों के समय से भी गई गुजरी बनवाने की गलतियां की है। इसलिए नागरिकों की कोई औकात नहीं तो व्यवस्था संवेदनहीन, मानवाधिकारहीन और अन्यायों से ऐसी ठूठ बनी है कि जिले का कलक्टर बैठक में एक ट्रक डाईवर को औकात बतलाता मिलेगा तो ईडी, सीबीआई या थाने का कोतवाल मुख्यंत्रियों, गृहमंत्रियों, प्रधानमंत्रियों, अरबपतियों को औकात बतलाता मिला है।फिर खुद हाकिम, कलक्टर, कोतवाल भी बिना औकात के रोते व सिसकते मिलेगें। इसलिए क्योंकि इन्हे औकात दिखलाने वाले दर्जनों व्यवस्थागत लेयर है। सवाल है हम भारतीयों की औकात का निर्धारक तत्व क्या है? मेरा मानना है 'लाठी! जिसकी लाठी उसकी भैंस!विषयांतर हो गया है।

फुगावों की मादकता से मुक्ति का समय

पंकज शर्मा,

यह सुखद है कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व उत्साहीलालों की टोली की इस बिगुलबाज़ी की पूरी तरह अनदेखी कर रहा है और पूरी संजीदगी से सीट बंटवारे की प्रक्रिया को तजुर्बेकार लोगों की देखरेख में पूरी करा रहा है। कांग्रेस के भीतर अपनी तिकड़मों की बिसात बिछाते घूमते रहने वाले गिरोह ने यह राग अलापना भी शुरू किया था कि इंडिया-समूह के कुछ राजनीतिक दल ऐन वक़्त पर पलट जाएंगे, इसलिए कांग्रेस को अकेले चुनाव लड़ने की तैयारियां रखनी चाहिए। सिर्फ़ इच्छाधारी होने भर से अगर इच्छाएं पूरी होने लगतीं तो फिर बात ही क्या थी? फिर इच्छाएं अगर आसमानी हों तो वे यूं ही ज़मीन पर नहीं उतर आती हैं। उन्हें आसमानी परिश्रम के ज़रिए अपनी बाहों में भर कर ज़मीन तक लाना पड़ता है। ला कर ज़मीन में बोना पड़ता है। खाद-पानी देना पड़ता है। उसके बाद फूटने वाले अंकुरों को कीड़े-मकोड़ों से सहेजना पड़ता है। तब जा कर इच्छाओं के पौधे आहिस्ता-आहिस्ता पेड़ बनते हैं। यह काम दो-चार दिनों में नहीं होता है। इसके लिए अनवरत अनथक खटने की दरकार होती है। तब कहीं जा कर किसी की कोई इच्छा थोड़ी-बहुत पूरी होती है। और, इच्छा अगर सामूहिक हो तो उसे मंज़िल तक पहुंचाने की राह सामूहिकता-भाव रख कर ही शक़्ल लेती है। सामूहिक मेहनत, सामूहिक दरियादिली, सामूहिक समझदारी और सामूहिक अर्थवत्ता के बिना सामूहिक लक्ष्य हासिल करने की एक भी मिसाल इतिहास में नहीं है। इकलखुरेपन से, अपना-तेरी से, अहम्मन्यता से और 'तू चल, मैं आता हूं' के कांइयापन से मजमूई मकसद पूरे होने का एक भी उदाहरण अगर दुनिया के किसी पूर्ववृत्तांत में आप ने पढ़ा हो तो बताइए। लक्ष्यों तक पहुंचने की पद्धतियां सभ्यता के आरंभ से तय हैं। वे किसी के बदलने से बदलती नहीं हैं। 2024 की वसंत ऋतु गुजरने के बाद

नरेंद्र भाई मोदी का वासंती-काल समाप्त होने की उम्मीद लगाए बैठे सकल-विपक्ष के सामूहिक लक्ष्य को अंजाम तक पहुंचाना कोई ख़ाला जी का खेल नहीं है। अगर इंडिया-समूह का कोई एक राजनीतिक दल या व्यक्ति यह सोच रहा हो कि वह अकेले अपने बूते यह क़रिश्मा कर दिखाएगा तो उसकी सूरमाई के परखच्चे उड़ते हम-आप ग़मगीन हो कर जल्दी ही देखेंगे। ममता बनर्जी को अगर लग रहा है कि चूंकि उन्हें लोकसभा के पिछले चुनाव में पश्चिम बंगाल के मतदाताओं ने 43.7 प्रतिशत वोट के साथ 22 सीटें दे दी थीं और कांग्रेस महज़ दो सीटें ही जीती थी, इसलिए सीट-बंटवारे में वे कांग्रेस को लड़ने के लिए दो ही सीटें देंगी तो जितनी जल्दी वे इस विपरीत-बुद्धि से बाहर आ जाएं, उनके लिए ही बेहतर होगा। ममता को यह नहीं भूलना चाहिए कि बंगाल के पिछले विधानसभा चुनाव में अगर कांग्रेस ने अपना मूक-विलय उनकी तृणमूल के साथ न कर दिया होता तो वे 294 में से 222 सीटें नहीं जीत जातीं। उन्हें यह भी याद रखना चाहिए कि लोकसभा के पिछले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 40.6 प्रतिशत वोट के साथ 18 सीटें जीती थीं। तृणमूल और भाजपा के बीच तीन प्रतिशत वोट और चार लोकसभा सीटों का यह फ़र्क़ कोई बहुत लंबा-चौड़ा नहीं है। अरविंद केजरीवाल को भी इस ख़ामख़्याली से बाहर आने की ज़रूरत है कि पंजाब विधानसभा चुनाव में उन्हें मिली तुक्का-विजय से आम आदमी पार्टी सचमुच का राष्ट्रीय राजनीतिक दल बन गया है। आख़िर 2019 के लोकसभा चुनाव में पंजाब से उन्हें साढ़े सात प्रतिशत वोट के साथ सिर्फ़ एक ही सीट तो मिली थी। पिछले साल के विधानसभा चुनाव में भी पंजाब में कांग्रेस ने 23.1 प्रतिशत वोट और 18 सीटें हासिल की हैं। दिल्ली में भी कांग्रेस की उपस्थिति इतनी गई-बीती नहीं है कि केजरीवाल उसे खारिज कर दें। सो, अगर वे गरिमामयी तालमेल के रास्ते पर आगे बढ़ेंगे तो उनकी निजी भावी सियासत ठोस बनेगी। नहीं तो वे इंडिया-समूह के साथ ख़ुद की नींव को भी पोला बनाएंगे। ममता के बारे में तो मैं पूरी तरह आश्वस्त हूं कि बावजूद अपनी थोड़ी विचलन भरी पृष्ठभूमि के वे मोशा-भाजपा से गुपचुप गलबहियां इसलिए कर ही नहीं सकती हैं कि वे जानती हैं कि ज़रा-सी गफ़लत उन्हें कहां पहुंचा देगी। जांच एजेंसियों के डर की वज़ह से केजरीवाल की नीयत पर शक़ करने वालों से भी मैं सहमत नहीं हूं। वे भी अब अच्छी तरह समझ गए हैं कि कांग्रेस-मुक्त भारत की स्थापना के भाजपाई षडयंत्र का मोहरा बन कर वे अपने दीर्घकालीन राजनीतिक भविष्य से अंतत: हाथ धो बैठेंगे। वे अब सकल-विपक्ष के साए तले ही महफ़ूज़ रह सकते हैं। इंडिया-समूह को भी यह समझ लेना चाहिए कि यह समय अपने सहयोगियों के किए-अनकिए में मीनमेख निकालने का नहीं, मजबूती से उनके साथ खड़े रहने का है। लालू प्रसाद, नीतीश कुमार और शरद पवार की विस्तारवादी ख़्वाहिशों को सीट बंटवारे की राह का रोड़ा बता कर ज़ोरशोर से प्रचारित करने वाले मीडिया-घुड़सवार आपको एकाध हफ़्ते बाद हताशा में डूबे नज़र आएंगे। सत्तासीन डोरियों से संचालित नचनिया-मंडली के इन जमूरों को ऐसे-ऐसे ठुमके लगाते देख अब पूरा मुल्क़ आजिज़ आ गया है। वे मौजूदा सत्ता-व्यवस्था से इतनी निर्लज्जता से एकाकार हो चुके हैं कि नरेंद्र भाई की विदाई का भय उनकी रक्त शिराओं में भाजपा के बदन से भी दस गुना ज़्यादा रफ़्तार से खदबदा रहा है। सत्ताच्युत होने पर भी भाजपा का उतना बुरा हाल नहीं होने वाला है, जितना चाय से भी ज़्यादा गर्म केतलियों का हो जाएगा। दस बरस के अपने घनघोर अनैतिक कर्मों का डर अब बहुत-से मीडिया-प्रेतों को बेतरह सता रहा है। सो, आने वाले चार-पांच महीने उनके नाच की नंगई तो और भी बढ़ने ही वाली है। अब आइए कांग्रेस पर। मुझे लगता है कि कांग्रेस यह अच्छी तरह समझ गई है कि यह वक़्त दोबारा नहीं आने वाला है। इसलिए वह इंडिया-समूह के अंतिम मकसद की कामयाबी के लिए असंदिग्ध दधीचि मुद्रा में है। मगर एक धड़ा है, जो इस फुगावे की मादकता में मशगूल डोल रहा है कि कांग्रेस ही इंडिया-समूह का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है; कि कांग्रेस ही इस चुनाव के बाद भी इंडिया-समूह के सबसे बड़े राजनीतिक दल के तौर पर उभर कर सामने आएगी; कि कांग्रेस का इतिहास 138 साल पुराना है।

संक्षिप्त समाचार

भगवान पार्श्वनाथ के जयकारों से गूंज उठी दिल्ली



दिल्ली (विश्व परिवार)। प. पू. आचार्य श्री 108 अतिवीर जी मुनिराज के पावन सान्निध्य व निर्देशन में रविवार, दिनांक 7 जनवरी 2024 को भगवान पार्श्वनाथ के 2900वें जन्म कल्याणक के पुनीत प्रसंग पर श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री लाल मन्दिर, चांदनी चौक, दिल्ली में मूलनायक श्री पार्श्वनाथ भगवान का 432 वर्षों के इतिहास में प्रथम बार 2900 कलशों द्वारा महामस्तकाभिषेक अत्यंत भक्ति भाव सहित महती धर्मप्रभावना पूर्वक सानंद संपन्न हुआ। भजन सम्राट रूपेश जैन (इंदौर) ने अपनी विशेष प्रस्तुति से उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मध्य आचार्य श्री का पिच्छिका परिवर्तन भी संपन्न हुआ व लक्की ड्रा के माध्यम से 23 महानुभावों को आकर्षक उपहार प्रदान किये गए। समस्त मांगलिक क्रिया डॉ. श्रेयांस जैन जी (बड़ौत) व ब्र. जय निशांत जी (टीकमगढ़) ने विधि विधान पूर्वक संपन्न करवाई। इस अवसर पर पूज्य आचार्य श्री ने श्री दिगम्बर जैन लाल मन्दिर को अतिशय क्षेत्र की संज्ञा से विभूषित किया। कार्यक्रम में भक्तों को गणिनी आर्यिका श्री 105 चन्द्रमती माताजी व क्षुल्लिका श्री 105 पूजा भूषण माताजी का मंगल सान्निध्य व आशीर्वाद प्राप्त हुआ। दिल्ली एनसीआर सहित दूर-दूर से लगभग 8-10 हजार श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

अवंती विहार मुख्य मार्ग को अटल मार्ग घोषित करने की मांग

रायपुर (विश्व परिवार)। अवंती विहार व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी एवं महामंत्री किशोरचन्द नायक ने बताया की राजधानी रायपुर में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपाई की एक मात्र प्रतिमा अवंती विहार अटल चौक(एटीएम चौक) में व्यापारी संघ द्वारा स्थापित की गई है, श्री राठी ने कहा की अटल जी छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता है जिसके चलते आज हम अपने घर, दुकान, कार्यालय के पते पर अंत में छत्तीसगढ़ लिख रहे है, श्री राठी ने कहा की अवंती विहार मुख्य मार्ग का नामकरण अटल मार्ग करने से छत्तीसगढ़ के युवाओं को अटल जी के बताए हुए रास्ते पर चलने की प्रेरणा मिलेगी, श्री बाजपाई ने अपनी कविताओं के माध्यम से युवाओं को संदेश दिया था की जीवन में हार से कभी निराश नहीं होना चाहिए, क्योंकि सफलता एक दिन में नही लेकिन एक दिन जरूर मिलती है।

उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में अधोसंरचना विकास कार्यों के फलस्वरूप दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलेगी

रायपुर (विश्व परिवार)। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अयोध्या धाम जंक्शन - अयोध्या केंट व सलारपुर स्टेशनों के मध्य इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधित कार्य किया जाएगा। इसके फलस्वरूप गाड़ी संख्या 18205/18206 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलेगी। जिसकी जानकारी इस प्रकार है- दिनांक 18 जनवरी 2024 को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया प्रयागराज-जंघई-वाराणसी-वाराणसी सिटी मार्ग होकर नौतनवा जाएगी। दिनांक 20 जनवरी 2024 को नौतनवा से चलने वाली गाड़ी संख्या 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया वाराणसी सिटी-वाराणसी-जंघई-प्रयागराज मार्ग होकर दुर्ग आएगी।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना रायपुर
प्रथम एवं पंचम तल व्यावसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27 नवा रायपुर, अटल नगर, जिला- रायपुर, फोन नं.-0771-4016094
E-mail id:- em_zone2@yahoo.com

// आम-सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मण्डल द्वारा निर्मित अटल विहार योजना गोबरा नवापारा, रायपुर में भवन **क्रमांक एल.आई.जी.-499, श्रीमती रमा पटेल पति श्री ईश्वर राम पटेल** एवं **श्री ईश्वर राम पटेल पिता श्री काशीराम पटेल,** के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक **30.06.2021** को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में **श्रीमती रमा पटेल पति श्री ईश्वर राम पटेल एवं श्री ईश्वर राम पटेल पिता श्री काशी राम पटेल,** निवासी- वार्ड क्रमांक- 18, रामपुर, डंगनिया, पोस्ट- चम्पारण, तहसील- गोबरा नवापारा, जिला- रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्री त्रिलोक सेन पिता स्व. श्री मनीराम सेन,** निवासी- दम्मानी कॉलोनी, गोबरा नवापारा, जिला- रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.जी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अटल विहार योजना गोबरा नवापारा, रायपुर में भवन **क्रमांक एल.आई.जी.- 499,** के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी. परियोजना नवा रायपुर, अटल नगर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./8277/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 11-01-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 8277
वार्ड का नाम- 50- रानी दुर्गावती वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **50** स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445P00195** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANKALP REALTIES BHAGIDAR NIKHIL KUMAR DHAGAT** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. A.S.DHAGAT** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **MOHAN NEELAY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O LT. A.R. NEELAY** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

हाइवे नहीं पगडंडी का मार्ग सुरक्षित : मुनिश्री संधानसागर जी महाराज

कन्नड़ (विश्व परिवार)। संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य युवा तरूणाई के प्रखर वक्ता मुनिश्री 108 संधानसागर जी महाराज ने कहा कि हाइवे पर चलना खतरे से खाली नहीं रहता जबकि पगडंडी से चलना सदैव सुरक्षित रहता है। मुनिश्री जी ने संसार का मार्ग हाइवे की तरह और मोक्षमार्ग पगडंडी की तरह बताया। संसार के मार्ग में चलने वाले बहुत ज्यादा हैं और पगडंडी के मार्ग पर विरले ही चल पाते हैं। संत कहते हैं कि पगडंडी पर चलते रना अन्यथा उस पर घास-फूंस उग जायेगी फिर आगे आने वाली पीढ़ी को वह रास्ता ही नहीं दिख पाएगा। मुनिश्री जी ने आज श्रेयोनाथ भगवान की स्तुति करते हुए कहा कि जैसे एक सूर्य पुरे विश्व के लिए प्रकाशमान करता है, सूरज के आते ही बाछल छंट जाते हैं, बस ऐसे ही भगवान या गुरू की वाणी को सुनते ही भीतर के अज्ञान का अंधेरा छंट जाता है अंधेरा छटाना चाहते हो तो भीतर एक ज्ञान का दीपक जला लो। मुनिश्री जी ने मार्ग अर्थात पथ का इंग्लिश अक्षर की व्याख्या करते हुए कहा कि पी कह रहा है पॉजिटिव बनो, ए कहता है एक्सपेटेन्स भाव रखो, टी कहता है टोलरेट करके(सहन करो) पाथ का एच कहता है कि हमेशा हैप्पीनेस रहो।

प्रसन्नता का यही मार्ग है- जो मोक्षमार्ग में चलता है वही प्रसन्नता रख सकता है : कन्नड़ में पाठशाला में उमड़ी भीड़ पूज्य मुनिश्री 108 संधानसागर जी महाराज ने कन्नड़ के चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में पाठशाला लेना प्रारम्भ किया। पूज्यश्री की पाठशाला में छोटे-छोटे बालक-बालिकाओं द्वारा लाभ लिया जा रहा है। मुनिश्री ने समाज के लोगों से कहा कि पाठशाला के माध्यम से हमें संस्कार मिलते हैं, पाठशाला संस्कारों के गढ़ने की टकसाल है, जो अपने छोटे-छोटे बच्चों को ऊंगली पकड़कर आज मंदिर-पाठशाला लेकर जाऐंगे वे ही बच्चे बुढ़ापें में आपको मंदिर या तीर्थ क्षेत्रों की वंदना के लिए लेकर जाऐंगे। पूज्य श्री प्रतिदन बच्चों से प्रश्न पुछते हैं पाठशाला समिति उन्हें पुरूस्कार देती है।

आओ जाने शान्ति का मार्ग प्राप्त कर सकोगे : संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य युवा तरूणाई के प्रखर वक्ता मुनिश्री 108 संधानसागर जी महाराज ने कहा कि आग्रह जहां टकराव वहां। फंडामेंट नही एडजस्टमेंट नेचर अपनाइयें। मुनिश्री ने चार शब्द पर अपनी बात से शांति का मार्ग बताया आग्रह से अनाग्रह तक की यात्रा बताई और पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से बचने का मार्ग बताया। आग्रह में सामने वाले से अपनी बात मनाना है, आरोप की भाषा आने से पूर्वाग्रह एवं एवं अपनी थोपने हेतु कुछ भी करने को तैयार रहना दुराग्रह है तथा तटस्थ वृत्ति से जीते हैं तो अनाग्रह होता है। पूज्यश्री ने बांस एवं मथानी का उदाहरण दिया। बांसों में टकराव होता है तो आग लग जाती है वहां संघर्षण है, मथानी से मंथन होता है, परिणाम नवनीत की प्राप्ति होती है। नवनीत चाहते हो तो अड़ो नहीं ढिल छोड़ दो। एक को ढिल देते हैं दूसरे को खेंचते हैं, यह शिक्षा घर-घर में पालन होने लगे तो अलग से स्वर्ग आने की आवश्यकता नहीं। पूज्यश्री ने यहीं स्वर्ग हो जाएगा इसी को समन्तभद्र स्वामी विधी-निषेध या मुख्य-गौण की विवक्षा कहा। हायकू है- अर्पित यानि मुख्य समर्पित सो अहं का त्याग् अहं का त्याग कर दो सब शांति होगा।

-विद्यावाणी संकलन

आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने कहा- दूसरों को सुखी देखकर सुख मानना ही सच्ची मानवता है

गुंसी (विश्व परिवार)। श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ, गुंसी (राज.) में साधनारत आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के ससंघ सान्निध्य में जन्मदिन पर आज की शांतिधारा कराने का सौभाग्य गुरु भक्त सुरेश जोड़ला सावर वालों ने प्राप्त किया। मालवीय नगर जयपुर की समाज ने पूज्य माताजी की आहारचर्या कराने का सौभाग्य प्राप्त किया। प्रात:कालीन बेला में स्वाध्याय के दौरान गुरुभक्त विजय गंगवाल चाकसू ने धर्म का सदुपदेश प्राप्त किया। माताजी ने कहा कि - कभी - कभी हम अपने सुख के लिए दूसरों को दु:खी कर देते है और उसका सुख छीनने का प्रयास करते हैं। क्या यह प्रवृत्ति मानवता की परिधि में आती है ? जीवन में ऐसी स्थितियां एवं घटनाएं होना सामान्य बात है। यह नहीं सोचा जा रहा कि ऐसी घटनाओं और प्रवृत्तियों के बढ़ने से क्या हम सब सुरक्षित रह पायेंगे। जब बलवान निर्बल को दबाएगा तो अत्याचार बढ़ेगा। हम वास्तविक रूप से तभी सुखी होंगे जब हमारा पड़ौसी सुखी रहेगा यह सिद्धांत की बात है। आगामी 14 जनवरी मकर सक्रांति के शुभ अवसर पर गुरु माँ के विशेष प्रवचन का लाभ सभी जैन एवं जैनेत्तर समाज को मिलने जा रहा है। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

विकसित भारत बनाने के संकल्प को हर नागरिक तक पहुंचाना है : संजय कुमार

- **भारत सरकार के संयुक्त सचिव और कलेक्टर ने जागरूक होकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की**
- **ग्राम कुरूडीह में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीण हुए योजनाओं से लाभान्वित**

कोरबा (विश्व परिवार)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज कोरबा विकासखण्ड के ग्राम कुरूडीह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्री संजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शिविर की गतिविधियां देखीं और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री संजय कुमार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि भारत को 2047 तक विकसित बनाना है। यह काम केंद्र सरकार और राज्य सरकार सहित जिला प्रशासन के सहयोग से संभव है। शिविर के माध्यम से हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही जरूरतमंद हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना है। इसलिए आप सभी योजनाओं का लाभ उठाते हुए विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को हर नागरिक तक पहुंचाना है और अपनी सोच तथा विश्वास को सकारात्मक रखते हुए जीवन शैली का बेहतर बनाने के साथ विकास की राह में आगे बढ़ना है। इस दौरान कार्यक्रम में कलेक्टर श्री अजीत वसंत, अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, सरपंच श्रीमती सावित्री मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

ग्राम कुरूडीह में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मोदी की गारंटी अंतर्गत प्रचार रथ एवं विभागीय स्टॉल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की गई। शिविर में संयुक्त सचिव श्री कुमार ने यह भी कहा कि हमारी कोशिश है कि यात्रा के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना तथा किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा अन्य योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही इसका लाभ उठाने कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद परिवार अधिकारियों से संपर्क करके भी योजनाओं का लाभ पा सकते हैं। इसके साथ ही वे अपने आसपास जरूरतमंद परिवारों को योजनाओं की जानकारी प्रदान कर सकते हैं।

शिविर में बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कहा कि किसी भी योजना का लाभ उठाने से पहले योजनाओं के बारे में जानना भी जरूरी है। यह योजनाएं आपके लिए बनी है, आप जागरूक बनिए और योजनाओं का लाभ उठाते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करिए। उन्होंने कहा कि शिविर में भारत सरकार एवं राज्य सरकार योजनाओं की जानकारी अधिकारियों के माध्यम से प्रदान की जा रही है। शिविर का उद्देश्य योजनाओं से जरूरतमंद परिवारों को लाभान्वित करना है।

आंजनेय यूनिवर्सिटी में हुआ सृजन 2.0 का समापन : विद्यार्थियों की विचारशीलता आकाश से भी ऊपर होती है : चांसलर अभिषेक अग्रवाल

कभी अलविदा न कहना @ सृजन 2.0, सर्वश्रेठ स्कूल का अवार्ड मिला संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल राजनांदगांव

रायपुर (विश्व परिवार)। आंजनेय यूनिवर्सिटी में चल रहे दो दिवसीय सृजन 2.0 के दूसरे दिन आज फायरलेस कुकिंग, फैशन शो, मॉडल मेकिंग, वॉलीबॉल और शॉट पुट स्पर्धाओं के नाम रहा। शुक्रवार को हुए इन प्रतियोगिताओं में भी अलग - अलग स्कूलों से आए 1000 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के चांसलर श्री अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि जब हम स्कूल में रहते है तो कॉलेज और यूनिवर्सिटी के बारे में अक्सर सुनते हैं और वहां जाने का मन भी हमारा करता है। सृजन 2.0 में विगत दो दिनों तक हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में बहुत से प्रतिभागियों ने भाग लिए और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों का मन खुला होता है उनकी विचारशीलता आकाश से भी ऊपर होती है, आवश्यकता केवल अवसर के मिलने या देने की होती है, इसी कड़ी का निर्वहन आंजनेय यूनिवर्सिटी कर रहा है। सृजन 2.0 कार्यक्रम की संयोजक डॉ प्रांजली गनी ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य स्कूली बच्चों के कौशल को निखारने का मंच प्रदान करना है। आज युवा दिवस के दिन विभिन्न स्कूलों से आए

प्रतिभागियों ने स्पर्धा में भाग लेकर विकसित भारत के विकास में क्वांटम जंप लगाने का प्रयास किया है। डॉ गनी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी स्कूलों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रो चांसलर श्रीमती दिव्या अग्रवाल, वाइस चांसलर डॉ टी रामाराव, प्रो वाइस चांसलर श्री सुमीत श्रीवास्तव, डायरेक्टर जनरल डॉ बीसी जैन सहित सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वामनराव लाखे स्कूल रायपुर, दूसरा स्थान होली मदर स्कूल रायपुर वहीं तीसरा स्थान स्वामी आत्मानंद स्कूल फाफाडीह ने हासिल किया। शॉटपुट में पहला स्थान गर्ल्स ग्रुप में घुर्वी साहू एन एच गोयल स्कूल दूसरा स्थान पायल साहू गेंदराम शासकीय स्कूल और तीसरा स्थान हिमांशी साहू इंडियन पब्लिक स्कूल। शॉट पुट प्रतियोगिता में बॉयज ग्रुप से पहला स्थान अंकुश टंडन जेएनएम गायत्री विद्यापीठ स्कूल राजनांदगांव दूसरा स्थान अनिल साहू गेंदराम शासकीय स्कूल नरदहा और तीसरा स्थान हेमंत गोंद ने हासिल किया। फैशन शो में दिशा मिश्रा संस्कार सिटी राजनांदगांव दूसरा स्थान अनुषा श्रीवास्तव विश्वदीप स्कूल और तीसरा स्थान नेहा वर्मा ज्ञान गंगा स्कूल नेहा वर्मा ने हासिल किया। शॉर्ट फिल्म मेकिंग में मुकुल भोई दीपक और दिशा मिश्रा संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल राजनांदगांव की टीम ने पुरस्कार हासिल किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हर्षित साहू ने दूसरा स्थान कृष्ण शर्मा और तीसरा स्थान पूजा शर्मा ने हासिल किया। फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता के विजेता में पहला स्थान दिशा कश्यप वहीं दूसरे स्थान पर कैलाश जैन और प्रियम राठी साथ ही तीसरा स्थान उन्नति मोदी और अलीना प्रवीन ने हासिल किया।

चेंबर प्रीमियर लीग टूर्नामेंट के चौथे नॉकआउट राउंड में कनफेडरेशन का फार्मा डीलर्स एसो. पहुंची क्वार्टर फाइनल में

चेंबर अध्यक्ष अमर परवानी की अध्यक्षता में खेला गया क्रिकेट मैच

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, कैट सी.जी.चेप्टर के प्रदेश अध्यक्ष जीतेन्द्र दोशी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि चेंबर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन कनफेडरेशन का फरमा डीलर्स एसोसिएशन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई।छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी की अध्यक्षता में मैच खेला गया तथा प्लेयर ऑफ़ द मैच बेस्ट बॉलर एवं बेस्ट बेटर परवानी जी के हाथों पुरस्कृत हुए।

नॉकआउट राउंड के चौथे दिन के पहले मैच में डूमर तराई व्यापारी कल्याण महासंघ-2 का मुकाबला छत्तीसगढ़ रेस्टोरेंट एंड कैफे वेलफेयर एसोसिएशन से हुआ जिसमें डूमर तराई व्यापारी संघ ने 47 रनों से जीत दर्ज की। डुमरतराई व्यापारी संघ के सनी डेंगवानी ने 53 रन की पारी खेलते हुए प्लेयर ऑफ द मैच एवं बेस्ट बेटर का खिताब अपने नाम किया वही सागर मंधानी 2 विकेट लेकर बेस्ट बॉलर बने।

नॉकआउट राउंड के दूसरे मैच में रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने 10 ओवर में 69 रनों का लक्ष्य दिया जिसे कनफेडरेशन का फरमा डीलर्स एसोसिएशन ने केवल 5.1 ओवर में ही 73 रन बनाकर जीत हासिल की। कनफेडरेशन का फरमा डीलर्स एसोसिएशन के श्रवण साहू ने एक मेडन ओवर डालते हुए दो ओवर में चार रन देकर दो विकेट झटके और प्लेयर ऑफ द मैच एवं बेस्ट बॉलर बने।

गुमानी देवी कोटडिया ने मरणोपरांत देह दान दिया

रायपुर (विश्व परिवार)। स्वर्गीय उत्तमचंद जी कोटड़िया की धर्मसहायिका श्रीमती गुमानी देवी कोटड़िया (82 वर्ष) के जीव ने दिनांक 12/01/2024 को देह त्याग कर अरिहंत सिद्ध शरण को प्राप्त किए हैं, उनकी भावना अनुसार परिवारजनों ने देहदान किया है। उनके पुत्र शैलेंद्र एवं भूपेंद्र कोटडिया ने बताया कि शाम 4 बजे उनके देवेन्द्र नगर स्थित निवास स्थान से माता जी का पार्थिव शरीर सामाजिक रीति रिवाजों पूजा पाठ करने के उपरांत शहर के गण्यमान्य लोगों की उपस्थिति में मेडिकल कालेज जेल रोड, रायपुर रवाना हुए जहां कालेज के प्रोफेसर को उनका पार्थिव देह सौप ने की प्रक्रिया कर देह दान किया गया। उक्त अवसर पर शैलेंद्र सरिता कोटड़िया (पुत्र-पुत्रवधु) सुशील स्व. अशोक छाजेड, (पुत्री), मंजू प्रमोद जी सेठिया (पुत्री-दामाद), मधु सतीश जी कोठारी (पुत्री-दामाद), अधिवक्ता भूपेंद्र-शालिनी कोटड़िया (पुत्र- पुत्रवधु), शताब्दी दिलीप ढ़ेलडिया (पौत्री-दामाद), प्रवर सोनल कोटड़िया (पौत्र-बहु), हृदय (पौत्र), शिवी (पड़पोती) प्राशिव (पड़पोता) एवं समाज जनों की उपस्थिति मे पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई. उल्लेखनीय है कि देह दान करने के लिए श्रीमती गुमानी देवी को किसी ने प्रेरित नहीं किया था ब्लकि स्वयं से प्रेरित होकर उन्होंने परिवारजनों को मृत्यु पूर्व अपनी इच्छा बताई थी जिसे पूरे कोटडिया परिवारजनों ने पूरी की।

मोदी की गारंटी के अनुसार प्रतिवर्ष 60 लाख लोगों को रामलला के दर्शन करायें

रायपुर (विसं)। राम के नाम पर जनता को ठगने का भाजपा का पुराना शगल है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि

विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी में वायदा किया था छत्तीसगढ़ की हर नागरिक को रामलला के दर्शन करायेंगे। मंत्रिमंडल में निर्णय लिया है कि 1 साल में सिर्फ 20 हजार लोगों को दर्शन करायेंगे। इस निर्णय के अनुसार भाजपा की सरकार अपने पूरे कार्यकाल में आने वाले 5 साल में मात्र 1 लाख लोगों को दर्शन करायेगी। छत्तीसगढ़ की पौने 3 करोड़ आबादी है। हर साल 20 हजार के अनुसार पूरी आबादी को रामलला का दर्शन कराने में 1500 साल लगेंगे।

आधुनिक फीचर के साथ एमजी एस्टर 2024 लॉन्च

रायपुर (विश्व परिवार)। एमजी मोटर इंडिया ने एमजी एस्टर 2024 लॉन्च किया है। जो कि ऑल-न्यू वैरिएंट-स्प्रिंट, शाइन, सेलेक्ट, शार्प प्रो और सैवी प्रो में आधुनिक यूजर इंटरफेस के साथ अपडेटेड आई-स्मार्ट 2.0 है। इसमें फ्रंट सीट वेंटिलेशन, वायरलेस चार्जर, वायरलेस एंड्रॉयड ऑटो और एप्पल कार प्ले तथा ऑटो-डिमिंग आईआरवीएम के साथ कई आकर्षक विशेषताएं मिलेंगी। अपनी श्रेणी की सबसे आधुनिक एसयूवी, एमजी एस्टर 2024 सभी आकर्षक विशेषताओं के साथ 9,98,000 रुपये (एक्स-शोरूम) के आकर्षक शुरुआती मूल्य में उपलब्ध है।

इस लॉन्च के बारे में एमजी मोटर इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, गौरव गुप्ता ने कहा, हम अपने ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए ऐसे वाहन पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो लेटेस्ट ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन करें। अपने इसी वादे के अनुरूप और अपने ब्रांड के 100 साल पूरे होने की खुशी में हम एस्टर 2024 श्रृंखला में अत्याधुनिक फ़ीचर्स, डिज़ाइन और बेहतरीन मूल्य प्रस्ताव लेकर आए हैं, जो कार खरीदने वालों को और ज़्यादा खुशी प्रदान करेंगे। एमजी एस्टर 2024 में ड्राइविंग के सुगम और सुविधाजनक अनुभव के लिए 80+ कनेक्टेड फीचर्स और आई-स्मार्ट 2.0 है। इसका एक विशेष फीचर जियो वॉयस रिकग्निशन सिस्टम है, जो वॉयस कमांड द्वारा मौसम, क्रिकेट अपडेट, कैलकुलेटर, घड़ी, तारीख/दिन की जानकारी, राशिफल, शब्दकोश, समाचार एवं अन्य ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान करता है। इसके अलावा इसमें डिजिटल-की फंक्शनलिटी के साथ एंटी-थेफ्ट फीचर नेटवर्क कनेक्शन न होने पर भी चोरी से सुरक्षा प्रदान करता है। इसमें आधुनिक यूआई है, जिसमें होम स्क्रीन पर विभिन्न होम पेजेस के साथ विगेट अनुकूलन और हेड यूनिट पर एक अद्वितीय बर्थडे विश फीचर आई-स्मार्ट मोबाइल ऐप द्वारा तारीख को कस्टमाइज करना संभव बनाता है।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर, शनिवार 13 जनवरी 2024

संक्षिप्त समाचार

बस्तर आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

कांकेर(विश्व परिवार)। बस्तर संभाग के कमिश्नर श्याम धावड़े ने जिले के कई इलाकों में पहुंचकर औचक निरीक्षण कर शासकीय कामकाज की जांच की। इस दौरान उन्होंने ग्राम लखनपुरी, कानापोड़ तथा जैसाकर्रा के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओ से मतदाता जनसंख्या अनुपात (इपिक रेशो), कुल मतदाताओं की संख्या, महिला एवं पुरूष मतदान प्रतिशत एवं अन्य आवश्यक जानकारी ली। कमिश्नर धावड़े ने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों में पेयजल, शौचालय, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध होना चाहिए। इस दौरान आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नये मतदाताओं का नाम जोडने, मतदाता सूची में त्रुटि सुधार एवं हटाने संबंधी कार्यों की भी जानकारी ली और निर्वाचक नामावली के शुद्धिकरण करने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के युवा एवं पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने से छूट ना पाए। इस अवसर पर चारामा एसडीएम राकेश गोलछा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बिलाईगढ़ में कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया

सारंगढ़ बिलाईगढ़(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री के एल चौहान ने बिलाईगढ़ में आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया। छात्राओं ने फूलों से कलेक्टर श्री चौहान का स्वागत किया। श्री चौहान ने बच्चों से पूछा कि छात्रावास में समय पर और मात्रा के हिसाब से नाश्ता, खाना मिलता है या नहीं। बच्चों ने समय पर और मात्रा के हिसाब से खाने मिलने की जानकारी दी। कलेक्टर ने रसोईया से क्या पका रहे कि जानकारी लिया और आलू-अंडा कितने बच्चों के लिए है और कितना पक रहा है कि जानकारी लिया। रसोईयों ने गिनती में संख्या बताया तो निकालकर गिनती का सत्यापन कराया। सत्यापन में गिनती सही पाया गया। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों से कहा कि आप लोग बिना डर के कोई भी बात हैं तो बताएं और किसी प्रकार की कोई परेशानी हो तो बताएं। श्री चौहान ने बच्चों से कलेक्टर कार्यालय देखने-जानने की इच्छा के बारे में बच्चों से जानकारी लिया तो सभी बच्चों ने कलेक्टर कार्यालय देखने की इच्छा जतायी।

कलेक्टर ने किया तांदुला इको टुरिज्म पार्क का अवलोकन

बालोद(विश्व परिवार)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय बालोद के समीप आदमाबाद में स्थित 'तांदुला इको टूरिज्म पार्क' का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं पार्क का देखरेख कर रहे प्रबंधन के लोगों के साथ तांदुला इको टूरिज्म पार्क के क्षेत्र को और अधिक विस्तारित करने तथा पार्क की व्यवस्था को बेहतर बनाने के उपायों के संबंध में चर्चा भी की। जिससे यहाँ आने वाले सैलानी इस पार्क का समुचित लाभ उठाने के साथ-साथ उन्हें बेहतर व्यवस्था भी प्रदान की जा सके। श्री चन्द्रवाल ने कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग से जलाशय के कुल जल भराव क्षेत्र एवं गर्मियों में पानी की उपलब्धता आदि के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने अभी हाल में ही प्रारंभ किए गए इस तांदुला इको टूरिज्म पार्क में राजस्व प्राप्ति के जरिया आदि के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने प्रबंधन का कार्य देख रहे लोगों को आम लोगों के सहुलियत को ध्यान में रखते हुए बोटिंग आदि का दर निर्धारित करने के निर्देश भी दिए। जिससे आम लोग भी इस तांदुला इको टूरिज्म पार्क का लुत्फउठा सकें। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने प्रकृति के खुबसूरत वादियों पर स्थापित किए गए इस तांदुला इको टुरिज्म पार्क की मनोरम सौंदर्य की भूरी-भूरी प्रशंसा भी की।

वाहन चालक किसी के बहकावे में नहीं आए- कलेक्टर

सारंगढ़ बिलाईगढ़(विश्व परिवार)। कलेक्टर के एल चौहान ने कलेक्टोरेट में संयुक्त बैठक लिया। वाहन चालक संघ और परिवहन यूनियन ने कलेक्टर श्री चौहान को बताया कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में हड़ताल नही है। जिले में बस ट्रक परिचालन में कोई भी दिक्कत नहीं है। कलेक्टर ने कहा कि केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि हिट एंड रन मामलों के लिए लाए गए कानून को लागू नहीं किया गया है, अभी पुराना कानून ही लागू है। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों को किसी भी प्रकार के बहकावे में आने और भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है।

कलेक्टर ने मटिया स्थित एनीकट, इंटेकवेल तथा ग्राम ईरा में बने इंटेकवेल का किया निरीक्षण

इंटेकवेल के लिए सब स्टेशन बनाने के लिए जमीन का किया गया चिन्हांकन

राजनांदगांव(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने डोंगरगांव विकासखंड के मटिया दर्री एनीकट, मटिया इंटेकवेल और ग्राम ईरा इंटेकवेल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने डोंगरगांव विकासखंड के मटिया दर्री एनीकट से तेज पानी बहाव के कारण फसल क्षति के संबंध में किसानों से चर्चा की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बाढ़ के कारण हुए फसल क्षति एवं खेतों से मिट्टी के बहाव का मुआवजा आरबीसी 6-4 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार भुगतान किये जाने के निर्देश एसडीएम को दिए। एनीकट के आसपास पानी के तेज बहाव के कारण भूमि कटाव को मिट्टी फिलिंग के कार्य में तेजी लाने के

निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिट्टी फिलिंग का कार्य शासन के नियमानुसार करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने एनीकट का स्थायी समाधान करने तथा एनीकट के मरम्मत के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने एनीकट के आसपास के क्षेत्रों में हुई क्षति के संबंध में शीघ्र तकनीकी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा स्थायी समाधान हेतु प्राक्कलन प्रस्तुत करने कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल नगर पंचायत डोंगरगांव में जल आवर्धन योजनांतर्गत जलापूर्ति सुनिश्चित किये जाने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल शोधन संयंत्र और इंटेकवेल निर्माण किया गया है। इसके लिए सब स्टेशन बनाने के लिए भूमि का चिन्हांकन किया गया। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग व जल संसाधन विभाग को समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने धीरी समूह नलजल योजना के अंतर्गत शिवनाथ नदी के तट पर ग्राम ईरा में बने इंटेकवेल और एनीकट का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इंटेकवेल के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से योजना की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्री समीर शर्मा से इसकी उपयोगिता के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि शिवनाथ नदी में पर्याप्त पानी उपलब्ध होने पर राजनांदगांव विकासखंड के 24 गांवों के लिए धीरी समूह जल प्रदाय योजना शुद्ध जल प्रदाय किया जाता है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने शिवनाथ नदी में बने इंटेकवेल के नीचे एनीकट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इसकी मरम्मत के लिए तकनीकी प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल जिले का सघन दौरा कर विकास कार्यों का ले रहे हैं निरंतर जायजा

करकाभाट शक्कर कारखाने का किया निरीक्षण

उत्पादन बढ़ाने तथा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

बालोद(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल द्वारा जिले में अपने पदस्थापना के तत्काल बाद जिले के विभिन्न स्थानों का सघन दौरा कर जिले में संचालित विकास कार्यों का निरंतर जायजा लिया जा रहा है। श्री चन्द्रवाल ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का निरंतर दौरा कर यह बता दिया है कि उनकी पैनी निगाह जिला मुख्यालय बालोद के अलावा जिले के सुदूर ग्रामीण अंचलों में चल रहे विकास कार्यों पर भी रहेगा। जिससे की समाज के जरूरतमंद एवं अंतिम पंक्ति के लोगों तक शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। इसके अंतर्गत आज कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने जिले के करकाभाट स्थित माँ दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित का निरीक्षण कर वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को गन्ना कारखाने का उत्पादन बढ़ाने तथा कारखाने की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। श्री चन्द्रवाल ने कृषि विभाग के उप संचालक को जिले में गन्ने की खेती की रकबा बढ़ाने हेतु उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान कलेक्टर ने गन्ना कारखाना के अलग-अलग यूनिटों का निरीक्षण कर कार्य पद्धति के संबंध में जानकारी ली। श्री चन्द्रवाल ने शक्कर कारखाना में गन्ना के आवक एवं प्रसंस्करण प्रक्रिया का अवलोकन कर अधिकारियों से इसके संबंध में आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से शक्कर कारखाना में प्रतिदिन होने वाले उत्पादन के अलावा इसके लिए आवश्यक कच्चा माल आदि की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से प्रति एकड़ गन्ने का कुल उत्पादन तथा समर्थन मूल्य पर निर्धारित मूल्य आदि के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को साफ-सुथरे गन्ने की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने गन्ना कारखाने के प्रबंध संचालक कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर कारखाने की व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री चन्द्रवाल ने शक्कर कारखाने में उपस्थित गन्ना किसानों से बातचीत कर गन्ना उत्पादन एवं कारखाने की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

किसानों के वास्तविक धान उत्पादन की ही खरीदी करें समिति प्रबंधक - कलेक्टर

किसानों को धान बिक्री के बाद रकबा समर्पण करने कहा

राजनांदगांव(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज धान खरीदी केन्द्र खुज्जी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि किसानों का वास्तविक धान उत्पादन की ही खरीदी करने के निर्देश समिति प्रबंधक को दिए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों का धान खरीदी पूर्ण हो चुका है, उनका रकबा समर्पण करें। वास्तविक उत्पादित धान से अधिक खरीदी करने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने धान खरीदी केन्द्र में धान बिक्री करने आए किसानों से रूबरू हुए। उन्होंने किसानों से जानकारी ली कि धान बेचने के बाद राशि समय पर मिल रहा है कि नहीं। उन्होंने कहा कि वास्तविक उत्पादन हुआ है उतने धान की बिक्री करें। उन्होंने किसानों को धान बेचने के बाद रकबा समर्पण करने कहा। उन्होंने किसानों से खेती का रकबा और उत्पादन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जितना उत्पादन हुआ है उतना ही विक्रय करना चाहिए। जिससे सही तरीके से धान खरीदी हो पाएगी। इससे कोचिया और बिचौलिया को फायदा नहीं होगा और किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा धान की खरीदी सही तरीके से होगी। इससे शासन की राशि बचेगी और अन्य विकास कार्यों में तेजी आएगी और गांव का समुचित विकास होगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने किसानों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि के संबंध में जानकारी ली। किसानों ने कहा कि राशि समय पर मिल जाती है।

कलेक्टर ने ग्राम हथौद में बुनकर सहकारी समिति के कर्मशाला का लिया जायजा

बुनकरों द्वारा तैयार किए गए वस्त्रों का किया अवलोकन

बालोद(विश्व परिवार)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम हथौद में बुनकर सहकारी समिति के कर्मशाला का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने वहाँ बुनकरों द्वारा तैयार किए गए वस्त्रों का अवलोकन किया तथा विभिन्न डिजाईनर कपड़ों की सराहना की। कलेक्टर ने वहाँ बुनकरों से चर्चा कर प्रतिदिन किए जाने वाले उत्पादन तथा मासिक आय के संबंध में चर्चा की। बुनकरों ने बताया कि वे इस कार्य से काफी खुश हैं। उन्हें अपने गांव में ही रोजगार का अच्छा माध्यम मिल गया है तथा इससे वे अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। कलेक्टर ने समिति के प्रबंधक से उत्पादित वस्त्र के विक्रय के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कर्मशाला को विस्तृत करने तथा आय में और अधिक बढ़ोतरी करने के संबंध में भी चर्चा की। कलेक्टर ने बुनकरों को आश्वस्त करते हुए कहा कि हथकरघा विभाग के माध्यम से उनके इस कार्य को और विस्तृत किया जाएगा। जिससे बुनकरों को और बेहतर आमदनी प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने कार्यरत् बुनकरों की सराहना करते हुए इसी प्रकार मन लगाकर कार्य करने की बात कही। कलेक्टर ने वहाँ उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री योगेन्द्र श्रीवास, सहित अन्य संबंधित अधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।

जल जीवन मिशन के कार्य में गुणवत्ता और निर्धारित मापदण्डों का पालन सुनिश्चित करें - कलेक्टर

कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की

राजनांदगांव(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की। उन्होनें कहा कि जल जीवन मिशन केन्द्र सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके तहत लोगों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इसे ध्यान में रखकर जिले के लक्षित हितग्राहियों को पेयजल पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यों को स्वीकृत किया गया है। इनमें से कुछ कार्य प्रारंभ और प्रगतिरत है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी ठेकेदारों से कहा कि प्रगतिरत एवं स्वीकृत कार्यों को पूरा कर आगामी ग्रीष्मकाल में स्वच्छ पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें। इसके लिए उन्होंने 15 मार्च तक स्वीकृत सभी कार्यों को पूरा करने कहा। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री समीर शर्मा, विभाग के सभी एसडीओ, उप अभियंता एवं ठेकेदार उपस्थित थे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। सभी ठेकेदार अपने अधिकतम मानव संसाधनों का उपयोग कर उन्हें पूरा कराएं। इन कार्यों में कार्य की पूर्ण गुणवत्ता, निर्धारित मात्रा एवं निर्धारित मापदण्डों का पालन सुनिश्चित करते हुए कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी ग्राम सभाओं की बैठकों में जल जीवन मिशन के कार्यों को ध्यान में रखकर चर्चा की जाएगी। इस परिप्रेक्ष्य में ठेकेदार कार्यों को शीघ्र पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्य में उपयोग होने वाले ट्रेक्टर के परिचालन होते हैं। इसको ध्यान में रखकर पेयजल आपूर्ति के लिए उपलब्ध पाईप को जमीन में पर्याप्त गहराई पर रखें, ताकि पाईप में किसी भी प्रकार की टूट-फूट नहीं हो।

कलेक्टर ने युवक के टैलेंट को पहचाना,दिल की बीमारी की वजह से छूट गई नौकरी बना दिया शिक्षक

जगदलपुर(विश्व परिवार)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने जिले के संवेदनशील क्षेत्र चांदामेटा के बीटेक पास जुगल किशोर को आश्रम शाला में कंप्यूटर शिक्षक की नौकरी दी। कलेक्टर ने कहा कि बहुत कम लोग है जो अतिसंवेदनशील क्षेत्र से निकलकर उच्च शिक्षा ग्रहण किए हो, प्रशासन हमेशा ऐसे क्षेत्रों से निकलने वाले युवाओं की सराहना और हरसंभव सहयोग करने का प्रयास करती है। अति संवेदनशील क्षेत्र के बच्चे का उच्च शिक्षा प्राप्त करना भी एक बड़ी उपलब्धि है, शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर

बी-टेक तक की पढ़ाई करने वाले जुगल किशोर कोर्राम क्षेत्र के लिए रोल मॉडल है। जुगल किशोर कोर्राम बस्तर जिले के संवेदनशील क्षेत्र चांदामेटा का निवासी है। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले जुगल ने प्रारंभिक शिक्षा कोलेंग से की।इसके बाद जगदलपुर, फिर रायपुर प्रयास स्कूल से स्कूली शिक्षा ग्रहण किया। प्रयास के माध्यम में इंजिनियर बनने के प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी की और रायपुर के शासकीय इंजिनीयारिंग कालेज से बी टेक की पढ़ाई की। उसने बताया कि आर्थिक जरूरतों के लिए टीचिंग काम भी उसने किया। पढ़ाई के दौरान उसे स्वास्थ्यगत दिक्कत होने लगी थी, जांच करवाने पर दिल से संबंधित बीमारी का पता चला। इस बीमारी की वजह से उसे आर्थिक हानि के साथ साथ ज्यादा चलने में दिक्कत होने लगा है। जुगल के परिवार में माता-पिता, एक भाई और बहन है। माता-पिता कृषि कार्य में संलग्न है भाई और बहन पढ़ाई कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान चांदामेटा में पहली बार वोटिंग की प्रक्रिया किया गया।

विभिन्न नक्सली गतिविधियों में शामिल 4 नक्सली पकड़ाये

बीजापुर(विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ में विभिन्न नक्सली गतिविधियों में शामिल 4 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं। चारों नक्सलियों की गिरफ्तारी अलग-अलग इलाकों से हुई है। ये सभी हत्या, मार्ग अवरुद्ध जैसी कई घटनाओं में शामिल थे। बता दें कि जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत जिला बल, डीआरजी एवं बस्तर फाइटर की संयुक्त कार्यवाही में अलग-अलग थाना क्षेत्र में 4 माआवादियों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करते हुऐ न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, 23 दिसंबर 2023 को गोरना गांव के समीप आत्मसमर्पित माओवादी किसन ऊर्फ छोटू कुरसम की हत्या में शामिल फरार आरोपी नक्सली दल के मिलिशिया सदस्य दुला कुरसम को गोरना से पकड़ा गया। वही, दुरधा के जंगल का सर्च के दौरान 02 नक्सली को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से 05 किग्रा का टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, डेटोनेटर, फ्यूज वायर, इलेक्ट्रिक वायर, बैटरी बरामद किया गया। वहीं, दूसरी ओर गंगालूर ईलाके से एक नक्सली मिलिशिया सदस्य माड़वी लक्खू को गिरफ्तार किया गया।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

खेल-व्यापार

रायपुर, शनिवार 13 जनवरी 2024

व्यापार समाचार

सैकड़ों हार्डवेयर कर्मचारियों की जाएगी नौकरी, गूगल करने जा रहा छंटनी

सैन फ्रांसिस्को(एजेंसी)। गूगल सैकड़ों हार्डवेयर कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है, खासकर संवर्धित वास्तविकता (एआर) डिवीजन में, जबकि फिटबिट के सह-संस्थापक जेम्स पार्क, एरिक फ्रीडमैन और अन्य फिटबिट नेता कथित तौर पर कंपनी छोड़ रहे हैं। गूगल ने 2019 में 2.1 बिलियन डॉलर में कंपनी फिटबिट का अधिग्रहण किया था। गूगल के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, डीएसपीए (डिवाइसेज और सर्विसेज) में कुछ सौ भूमिकाएं खत्म की जा रही हैं, इसका सबसे ज्यादा असर 1पी एआर हार्डवेयर टीम पर पड़ेगा। डिवाइस और सेवा टीमें पिक्सेल, नेस्ट और फिटबिट डिवाइस के लिए जिम्मेदार हैं। प्रवक्ता ने 9टू5 गूगल को बताया, हालांकि हम अपनी 1पी एआर हार्डवेयर टीम में बदलाव कर रहे हैं, गूगल अन्य एआर पहलों, जैसे हमारे उत्पादों में एआर अनुभव और उत्पाद साझेदारी के लिए गहराई से प्रतिबद्ध है। कंपनी ने कहा कि वह हमारे फिटबिट उपयोगकर्ताओं को अच्छी तरह से सेवा देने, व्यक्तिगत एआई के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार करने और पिक्सेल वॉच, पुन: डिज़ाइन किए गए फिटबिट ऐप, फिटबिट प्रीमियम सेवा और फिटबिट ट्रैकर लाइन के साथ गति बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। तकनीकी दिग्गज ने कहा, यह काम हमारे नए संगठन मॉडल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना रहेगा। गूगल एक कार्यात्मक संगठन मॉडल पर स्विच कर रहा है, जहां पिक्सेल, नेस्ट और फिटबिट हार्डवेयर में हार्डवेयर इंजीनियरिंग के लिए जिम्मेदार एक टीम होगी।

मोटोरोला ने पैनटोन कलर ऑफ द इयर, पीच फज़ के साथ मोटोरोला razr40 ultra और edge40 neo को लॉन्च किया

नईदिल्ली (एजेंसी)। मोटोरोला, भारत के सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रांड और पैनटोन™, वैश्विक रंग प्राधिकरण ने दूसरे साल के लिए मिलकर पैनटोन कलर ऑफ द ईयर में डिवाइस बनाने के लिए एक टीम बनाई है। मोटोरोला PANTONE™ के साथ बहु-वर्षीय विशेष सहयोग करने वाला पहला और एकमात्र स्मार्टफोन ब्रांड है, जो सार्थक नवाचार के माध्यम से लोगों के जीवन को समृद्ध करते हुए डिजाइन और रंगों में अंतर लाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप है । इस वर्ष, चुने गए रंग PANTONE™ 13-1023 पीच फज़, के साथ पैनटोन कलर ऑफ द ईयर कार्यक्रम की 25वीं वर्षगांठ है। एक मखमली कोमल पीच रंग, पीच फज़ की एक आदर्श आभा है, जो एकजुटता, समुदाय और सहयोग की भावनाओं को अभिव्यक्त करती हैं। नए वर्ष का रंग, पैनटोन 13-1023 पीच फज़, मोटोरोला के समावेश और प्रौद्योगिकी को सभी के लिए अधिक पहुच योग्य बनाने के साथ खूबसूरती से मेल खाता है। जबकि प्रौद्योगिकी मानवता के साथ जुड़ जाती है, हम रंग पर भरोसा करते हैं कि यह हमें अभिव्यक्ति और अपने डिवाइस के साथ और भी गहराई में और अधिक सार्थक अनुभवों के लिए एक उपकरण प्रदान करने में मदद करेगा। वर्ष 2024 का रंग हमारी आभासी दुनिया को गर्मजोशी, एकजुटता और करुणा की हमारी चाहत के साथ सहजता से एकीकृत करके इसे पूरा करता है। Motorola razry® Ultra और Motorola Edge 40 neo को लॉन्च होने वाले दुनिया के पहले स्मार्टफोन के रूप में चुना गया है, जो इस रंग को अपनाते हैं और डिवाइस की तरह ही मानवीय कनेक्शन के महत्व पर जोर देते हैं। PANTONE™ के साथ यह सहयोग प्रौद्योगिकी को अधिक सुलभ बनाने और उपभोक्ताओं को प्रौद्योगिकी के माध्यम से उद्देश्यपूर्ण ढंग से जुड़ने के लिए सशक्त बनाने के मोटोरोला के मिशन को मजबूत करता है।

यूटीआई मिड कैप फंड : बाजार की संभावित स्वीट स्पॉट से लाभ

नईदिल्ली (एजेंसी)। रोजमर्रा की जिंदगी के बीच कंपनियां विकास और संतृप्ति के दौर से गुजरती हैं। मिड कैप कंपनियां विशिष्ट व्यावसायिक दौर में एक अवधि पर कब्जा कर लेती हैं, जिसमें कंपनियों ने छोटी कंपनियों में निहित चरण को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। जैसे प्रारंभिक पूंजी जुटाना, प्रारंभिक विकास चुनौतियों का प्रबंधन करना। हालांकि, इन कंपनियों के नेतृत्व को बनाए रखने, महत्वपूर्ण अन्तर के साथ काम करने की संभावना है, और वे इतनी बड़ी नहीं हैं कि तेजी से बढ़ने की उनकी क्षमता निराशाजनक हो। इसलिए, मिड-कैप कंपनियां तेजी से बढ़ते छोटे व्यवसायों और अच्छी तरह से स्थापित बड़ी कंपनियों के बीच एक अच्छा स्थान प्रदान कर सकती हैं। मिड कैप स्टॉक लार्ज कैप और स्मॉल कैप शेयरों के बीच आते हैं और आमतौर पर कंपनियों के बाजार पूंजीकरण के आधार पर निर्धारित होते हैं। सेबी की परिभाषा के अनुसार, पूर्ण बाजार पूंजीकरण के हिसाब से 101वीं से 250वीं कंपनी मिड कैप स्टॉक हैं। एक मिड कैप फंड मुख्य रूप से फंड के कोष का न्यूनतम 65त्न मिड कैप कंपनियों के इक्विटी और इक्विटी संबंधित उपकरणों में निवेश करता है। मिड कैप कंपनियों में निवेश करने वाले फंड निवेशकों को मध्यम आकार के व्यवसायों की विकास कहानियों से लाभ उठाने का अवसर प्रदान करते हैं। हालांकि, निवेशकों को अपने अंतर्निहित जोखिमों का संज्ञान लेना चाहिए, क्योंकि मिड कैप फंडों की जोखिम और इनाम क्षमता दोनों ही अच्छी तरह से विविध विकास फंडों की तुलना में अधिक हैं। यूटीआई मिड कैप फंड एक ओपन एंडेड इक्विटी स्कीम है जो मुख्य रूप से मिड कैप कंपनियों में निवेश करती है। फंड की रणनीति स्केलेबल बिजनेस मॉडल और लंबी ग्रोथ रनवे वाली कंपनियों में निवेश करने पर केंद्रित है। यह फंड उन अच्छी कंपनियों में निवेश करने के लिए भी खुला है जिनके व्यवसाय कमजोरी के क्षणिक दौर से गुजर रहे हैं या परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। यह फंड स्वस्थ वित्तीय स्थिति और एक निश्चित अवधि में मार्जिन बनाए रखने की क्षमता वाले व्यवसायों को चुनने के लिए शुद्ध बॉटम-अप स्टॉक चयन दृष्टिकोण अपनाता है। फंड के पास विभिन्न क्षेत्रों और उद्योगों को कवर करने वाले लगभग 80 शेयरों के साथ एक विविध पोर्टफोलियो भी है। यह फंड 7 अप्रैल, 2004 को अस्तित्व में आया और इसका एयूएम 31 दिसंबर, 2023 तक 9,789 करोड़ रुपये रु. से अधिक है। फंड सही लेबल वाला उत्पाद है और इसलिए, सभी समय पर पोर्टफोलियो में 85-90त्न की सीमा में मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियों में आवंटन करना पसंद करेगा। 31 दिसंबर, 2023 तक फंड ने लगभग 66त्न मिड कैप कंपनियों में, 23त्न स्मॉल कैप कंपनियों में और शेष लार्ज कैप कंपनियों में निवेश किया है।

टी20 विश्व कप को देखते हुए रोहित और विराट को वापस इस फॉर्मेट में लौटना चाहिए : एमएसके प्रसाद

नई दिल्ली(एजेंसी)। अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली आगामी टी20 सीरीज के लिए भारत के चयन में सबसे बड़ी चर्चा का विषय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी है। भारत के पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद का मानना है कि इस जोड़ी को सबसे छोटे प्रारूप में वापसी करनी चाहिए और कहा कि यह जोड़ी 1-29 जून तक यूएसए और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप खेलने वाली टीम का हिस्सा होगी। प्रसाद ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मैं समझता हूं कि दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद रोहित और

विराट को थोड़ा आराम दिया गया था। मुझे लगता है कि वनडे विश्व कप जैसे बड़े आयोजन के बाद इसकी जरूरत थी। उन्हें उस तरह के ब्रेक की जरूरत थी। इसलिए, उन्हें आराम मिला है। इस बीच युवाओं ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। देखिए, मेरी राय है कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि विराट और रोहित टी20 विश्व कप का हिस्सा होंगे, इसलिए उन्हें इस श्रृंखला से खेलना शुरू कर देना चाहिए। रोहित और विराट विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और 2023 में घरेलू धरती पर वनडे विश्व कप की अगुवाई में मौजूद होने के कारण एक साल से अधिक समय तक टी20 प्रारूप से अनुपस्थित रहे थे, जहां भारत दोनों मौकों पर उपविजेता रहा था। सवाल उठता है कि वे पिछले टी20 विश्व कप के बाद क्यों नहीं खेले। उनके नहीं खेलने का कारण यह था कि हम वनडे विश्व कप की ओर बढ़ रहे थे, इसलिए हम मुख्य रूप से वनडे मैचों पर ध्यान केंद्रित करना चाहते थे। यह पहली बार होगा जब भारत द्विपक्षीय पुरुष टी20 श्रृंखला में अफगानिस्तान का सामना करेगा जिसके मैच क्रमश: 11, 14 और 17 जनवरी को मोहाली, इंदौर और बेंगलुरु में होंगे। टी20 वर्ल्ड कप से पहले यह भारत की यह आखिरी अंतर्राष्ट्रीय सीरीज होगी। प्रसाद ने कहा, मैं निश्चित रूप से जितना संभव हो सके उतनी मजबूत टीम बनाना पसंद करूंगा। इसका कारण यह है कि आईपीएल में प्रवेश करने और वास्तविक टी20 प्रारूप में आने से पहले ये केवल तीन टी20 बचे हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अफगानिस्तान एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी टीम है और जो भी संभव होगा वह करेगी। उन्हें यह भी लगता है कि अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति को मेगा इवेंट के लिए भारत की टीम चुनने में काफी परेशानी होगी।

विराट कोहली अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी-20 से बाहर

मोहाली(एजेंसी)। अफगानिस्तान के खिलाफ बहुप्रतीक्षित टी20 सीरीज की तैयारी में, भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पुष्टि की कि स्टाइलिश बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से शुरुआती मुकाबले में नहीं खेलेंगे। श्रृंखला का उद्घाटन 11 जनवरी को मोहाली में होने वाला है, लेकिन भारतीय क्रिकेट के दिग्गज कोहली क्रमश: 14 और 17 जनवरी को इंदौर और बेंगलुरु में होने वाले टी20 मैचों के लिए टीम में शामिल होंगे। रोहित शर्मा की बात करें तो उन्हें न केवल टी20 टीम में शामिल किया गया बल्कि अफगानिस्तान



के खिलाफ सीरीज के लिए कप्तान की भूमिका भी दी गई। रोहित को कप्तान नियुक्त करने का निर्णय एक रणनीतिक कदम है क्योंकि भारत का लक्ष्य खेल के सबसे छोटे प्रारूप में गति बनाना है। रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों की टी20 क्रिकेट में वापसी इस प्रारूप में उनके भविष्य के बारे में कई हफ्तों की अटकलों के बाद हुई है। नवंबर 2022 में एडिलेड में टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के दौरान आखिरी बार एक साथ टी20 मैच खेलने के बाद, उनका ध्यान 2023 के 50 ओवर के विश्व कप वर्ष में वनडे और टेस्ट की ओर स्थानांतरित हो गया। रोहित भी खेल की पूर्व संध्या पर प्रशिक्षण सत्र के दौरान मौजूद नहीं थे, लेकिन द्रविड़ ने पुष्टि की कि फिलहाल, टीम प्रबंधन सलामी बल्लेबाज के रूप में रोहित और यशस्वी जायसवाल के संयोजन पर कायम रहेगा।

दिनेश कार्तिक भारत-ए दौरे के लिए इंग्लैंड लायंस के बल्लेबाजी सलाहकार नियुक्त

अहमदाबाद(एजेंसी)। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को इंग्लैंड लायंस का बल्लेबाजी सलाहकार नियुक्त किया गया है, जो यहां के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 12 जनवरी से भारत-ए के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच के बाद तीन चार दिवसीय मैच खेलेंगे। 2024 की शुरुआत में भारत के खिलाफ इंग्लैंड की पुरुषों की पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के समानांतर चलने के लिए इंग्लैंड लायंस भारत के एक महीने के दौरे पर जाने के लिए तैयार है। अहमदाबाद में आयोजित लायंस भारत ए के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगा, उसके बाद उन्हीं के खिलाफ चार दिवसीय

तीन मैच खेलेगा। समूह 12 जनवरी से 4 फरवरी तक यथास्थान रहेगा, जो हैदराबाद में पहला टेस्ट (25 जनवरी से शुरू) और विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट का पहला भाग (2 फरवरी) के साथ मेल खाएगा। का नेतृत्व इंग्लैंड के पुरुष एलीट पेस बॉलिंग कोच, नील किलीन करेंगे, जिन्होंने पिछले साल लायंस के श्रीलंका दौरे के दौरान अपने नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन किया था। लायंस के लिए कोचिंग लाइनअप में क्रिकेट विशेषज्ञता की एक प्रभावशाली श्रृंखला है। इस कोचिंग अभियान में किलेन के साथ भारतीय परिस्थितियों की गहरी समझ रखने वाले व्यक्ति शामिल हो रहे हैं। उल्लेखनीय अतिरिक्तताओं में भारत के अनुभवी अंतर्राष्ट्रीय विकेटकीपर-बल्लेबाज, दिनेश कार्तिक शामिल हैं, जो दौरे की शुरुआत में नौ दिनों तक टीम के साथ अपनी अंतर्दृष्टि साझा मुख्य कोच के रूप में कार्यभार करेंगे।

अदाणी समूह ने नौसेना के लिए पहले स्वदेश निर्मित दृष्टि-10 यूएवी का अनावरण किया

हैदराबाद(एजेंसी)। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने अपने बल के लिए पहले स्वदेश निर्मित दृष्टि'10 'स्टारलाइनर' मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) का अनावरण किया, जो अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस द्वारा निर्मित है। अनावरण समारोह हैदराबाद के अदाणी एयरोस्पेस पार्क में आयोजित किया गया। अत्याधुनिक यूएवी, जिसकी क्षमता 36 घंटे है, 450 किलोग्राम पेलोड क्षमता वाला एक उन्नत इंटेलिजेंस, निगरानी और टोही (आईएसआर) प्लेटफॉर्म है। यह स्टानैग 4671 प्रमाणन के साथ सभी मौसमों के लिए उपयुक्त एकमात्र सैन्य मंच है और अलग-अलग दोनों हवाई क्षेत्रों में उड़ान भरने के लिए स्पष्ट है।

नौसेना प्रमुख ने इसे भारतीय नौसेना और 'आत्मनिर्भर' भारत की खोज के लिए एक मील का पत्थर घटना बताया। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। यह मध्यम-ऊंचाई, उच्च-धीरज यूएवी 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ भारत में निर्मित किया गया है। यह स्थापित की गई क्षमता को प्रदर्शित करता है। हमें अब पूरा विश्वास है कि यह केवल हमें मजबूत करेगा और समय के साथ हमें और भी बेहतर क्षमता प्रदान करेगा। नौसेना प्रमुख ने कहा कि यह नौसेना के लिए एक बड़ी क्षमता बढ़ाने वाला होगा। उन्होंने कहा, इसमें उपग्रह संचार भी है, जिसके कारण हम हिंद महासागर में आगे तक जा सकते हैं।

आईपीएल खेल चुके इस मशहूर क्रिकेटर को 8 साल की सजा

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल के क्रिकेटर संदीप लामिछाने को नाबालिग से दुष्कर्म के जुर्म में 8 साल की सजा सुनाई गई है। 10 दिन पहले ही संदीप को अदालत ने दोषी ठहराया था। सजा आज सुनाई गई है। 23 साल के संदीप नेपाल क्रिकेट का बड़ा चेहरा रहे हैं और वो इंडियन प्रीमियर लीग भी खेल चुके हैं। संदीप लामिछाने महज 23

साल की उम्र में नेपाल की ओर से 100 से ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। 2018 में अपने इंटनरेशनल करियर का आगाज करने वाले संदीप ने अब तक खेले कुल 51 वनडे मैचों में 112 विकेट चटकाए हैं। वहीं, टी-20 इंटरनेशनल में यह स्पिन गेंदबाज 52 मैचों में 98 विकेट निकाल चुका है। दुष्कर्म पीड़िता का आरोप था कि लामिछाने ने 2022 में उन्हें 21 अगस्त को काठमांडू और भक्तपुर के विभिन्न स्थानों पर घुमाया। इसके बाद काठमांडू के सिनामंगल के एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। संदीप एक लेग स्पिनर हैं। 2016 अंडर-19 वर्ल्ड कप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा था, तब उस टूर्नामेंट में नेपाल की टीम आठवें स्थान पर रही थी। इसके बाद 2018 में उन्हें आईपीएल का कॉन्ट्रैक्ट मिला। दिल्ली कैपिटल्स ने संदीप को नीलामी में खरीदा था। वह आईपीएल का कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने वाले नेपाल के पहले क्रिकेटर बने थे। दिल्ली ने संदीप को उनके बेस प्राइस 20 लाख रुपये में खरीदा था।

डोनेटकार्ट और स्वस्ति, द हेल्थ कैटलिस्ट के सम्मलित प्रयासों से बालासोर ट्रेन दुर्घटना के हजारों प्रभावित लोगों को मिली राहत

नईदिल्ली (एजेंसी)। ओडिशा के बहनागा बाजार रेलवे स्टेशन पर 2 जून, 2023 को कोरोमंडल एक्सप्रेस और दो ट्रेनों की भीषण टक्कर हुई थी। इस विनाशकारी दुर्घटना में लगभग 300 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी, वहीं 1,200 से अधिक लोग घायल हो गए थे। इस दुखद घटना के बाद तत्काल राहत पहुंचाने के लिए, डोनेटकार्ट ने स्वस्ति, द हेल्थ कैटलिस्ट के साथ मिलकर आपदा से प्रभावित लोगों की मदद आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई है। डोनेटकार्ट की बात करें तो यह एक सोशल एंटरप्राइज़ है, जो मौद्रिक योगदान प्रदान करने की बजाय दान की गई जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति करती है। वहीं स्वस्ति, द हेल्थ कैटलिस्ट सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा एक अग्रणी गैर-लाभकारी संगठन है, जो हाशिये पर पड़े लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में काम करता है। स्वस्ति हेल्थ कैटलिस्ट के नेशनल सोशल प्रोटेक्शन को-ऑर्डिनेटर, भूपति पंडरीनाथन कहते हैं, स्वस्ति में हम समुदायों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा फोकस विशेष रूप में संकट के समय में लोगों की मदद करने पर रहता है। डोनेटकार्ट के सहयोग से हमें बालासोर ट्रेन दुर्घटना में घायल लोगों को तत्काल मदद उपलब्ध कराने में बेहद जरूरी मदद मिली है। हमारा पूरा ध्यान घायलों की रिकवरी के लिए, उनकी अलग अलग जरूरतों के अनुसार तत्काल राहत उपलब्ध कराने से लेकर उन्हें हर प्रकार प्रदान उपलब्ध कराने पर रहा है। इस सहयोग के बारे में बात करते हुए, डोनेटकार्ट के सीईओ एवं सह-संस्थापक, सारंग बोबडे ने कहा, हमारा मानना है कि समुदायों की सामूहिक शक्ति समाज में वास्तविक बदलाव लेकर आता है, स्वस्ति के साथ हमारा सहयोग इसी विश्वास को और भी मजबूती प्रदान करता है। हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं कि समाज में पारदर्शी संस्कृति का विकास हो, प्रभावशाली दान की संस्कृति बढ़े, संसाधन सीधे वहां पहुंचें जहां उनकी सबसे ज्यादा जरूरत है, यह सुनिश्चित हो कि मुश्किल पलों में पीड़ितों को भरपूर उम्मीद और समर्थन मिले। डोनेटकार्ट के प्रोग्राम मैनेजर नागेंद्र बाबू कहते हैं, हमारा लक्ष्य है कि स्वस्ति के साथ मिलकर हम लंबे समय तक घायलों की रिकवरी में मदद कर सकें। आपात स्थिति को समझते हुए, हमने विश्वसनीय ऑन-ग्राउंड एनजीओ सहयोगियों के साथ कार्यान्वयन भागीदार के रूप में स्वस्ति के साथ तुरंत सक्रिय रूप से राहत कार्यक्रम शुरू किया।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, सेतु मण्डल रायपुर (छ.ग.)

ज्ञाप क्र. 92 / /सा/2023 रायपुर दिनांक 10 /01/2024

निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
25/151287	धमतरी-सिहावा मार्ग के कि.मी. 5/4 पर महानदी पुल में बी.टी. पैंच मरम्मत एव बी.सी. का कार्य।	रू. 36.40 लाख	23.01.2024 समय-17:30

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि सेतु मण्डल, रायपुर (छ.ग.)

G-07058/3

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शनिवार 13 जनवरी 2024

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने की स्वास्थ्य विभाग की बजट समीक्षा

रायपुर (विसं)। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में महानदी भवन, मंत्रालय में वित्त एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। चौधरी ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग के बजट की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु पिल्लई, वित्त सचिव अंकित आनंद, संचालक बजट श्रीमती शारदा वर्मा, संचालक आयुष सुश्री इफ्फत आरा, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ऋतुराज रघुवंशी समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने श्री नंदकुमार बघेल को अर्पित की श्रद्धांजलि

रायपुर (विश्व परिवार)। शुक्रवार दिनांक 12 जनवरी को उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता श्री नंदकुमार बघेल को श्रद्धांजलि अर्पित करने पूर्व मुख्यमंत्री निवास पहुंचे। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग, महासचिव विक्रम जैन सहित सदस्य रविकांत यादव शामिल थे।

पीएम नरेन्द्र मोदी के संबोधन का शहीद स्मारक भवन में हुआ सीधा प्रसारण

रायपुर (विश्व परिवार)। राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन के सीधा प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। इस आयोजन में रायपुर उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा ने भी शिरकत की। राष्ट्रीय युवा दिवस पर संसदीय कार्य मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, सांसद सुनील सोनी के अलावा रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर रवि मित्तल को दैनिक विश्व परिवार समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ ने नव वर्ष का कलेंडर भेंट किया

जशपुर नगर (विश्व परिवार)। दैनिक विश्व परिवार हिन्दी समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ जितेन्द्र सिंह ने कलेक्टर रवि मित्तल से मिलकर उन्हें नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। साथ ही उन्हें दैनिक विश्व परिवारद्वारा प्रकाशित कलेंडर भेंट किया। जिसे कलेक्टर से सहर्ष स्वीकार किया। बता दे दैनिक विश्व परिवार समाचार पत्र झांसी से रायपुर प्रकाशित होने वाला नियमित अखबार है।

रामकृष्ण केयर अस्पताल की एक और उपलब्धि ओवेरियन कैंसर की बिना ऑपरेशन व कीमो के किया सफल इलाज

रायपुर (विश्व परिवार)। मध्यभारत के सुप्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि जायसवाल ने कैंसर चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि अर्जित करते हुए 42 वर्षीय महिला के चौथे स्टेज के ओवेरियन कैंसर की रूकापेरिब मेटेंनेंस थेरेपी टारगेटेड चिकित्सा के द्वारा बिना ऑपरेशन व कीमो के बिना, सफल इलाज कर महिला को नया जीवन दिया। डॉ. रवि जैसवाल की उक्त रिसर्च व केस रिपोर्ट व केस रिपोर्ट इंटरनेशन जर्नल में प्रकाशित हुई है तथा कैंसर चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. रवि द्वारा दिये गये योगदान एवं उनकी रिसर्च की प्रशंसा की गई है। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपरु में अपनी अमूल्य सेवाएं दे रहे मध्यम भारत के जाने-माने कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.रवि जैसवाल ने कैंसर चिकित्सा क्षेत्र की एक बड़ी हस्ती के रूप में अपना स्थान बनाया है। इसके लिए उनके शुभचिंतकों एवं चिकित्सक साथियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

RAMKRISHNA CARE HOSPITALS

नगर निगम यातायात विभाग से समन्वय कर शहर के 3 भिन्न स्थानों पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने टायर किलर लगवा रहा है

रायपुर (विश्व परिवार)। नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा यातायात विभाग से समन्वय स्थापित कर 3 स्थानों रिंग रोड क्रमांक 1 काके दी हट्टी के बाजू में, एक्सप्रेस वे फाफाडीह वन वे अप साइड एवं गौरवपथ मल्टी लेवल पार्किंग के पास टायर किलर लगाया जा रहा है। रायपुर में विपरीत दिशा से आने वाले वाहन चालकों को रोकने, यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने तथा रॉन्ग साइड में गाड़ी चलाने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से टायर किलर लगाया जा रहा है। टायर किलर से पूर्व सूचना बोर्ड भी लगाया गया है कि रॉन्ग साइड न चलें, आगे टायर किलर है। यह व्यवस्था पायलट प्रोजेक्ट के तहत नगर पालिक निगम रायपुर एवं यातायात विभाग द्वारा की जा रही है। शहर में सुशासन लाने यह पहल की गई है। पायलट प्रोजेक्ट सफल होने के बाद सभी वन वे मार्ग में यह टायर किलर लगवाया जाएगा।

यात्रियों की सुरक्षा हेतु द.पू.म. रेलवे में नई तकनीक के समावेश के साथ डिजिटल पहल

बिलासपुर (विश्व परिवार)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों को बेहतर यात्री सुविधाएं तथा सुरक्षा के साथ बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलों के अंतर्गत अवस्थित स्टेशनों से प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री एक स्थान से दूसरे स्थानों के लिए यात्रा करते है। प्रतिदिन यात्री रेल के द्वारा सफ़र करने के लिए स्टेशनों में पहुंचते है और उनके सामान एवं बच्चों सहित सभी यात्रियों की सुरक्षा की व्यवस्था को बनाए रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रेल सुरक्षा बल एवं जीआरपी के जवानों के ऊपर रहती है, जिसके लिए वे चौबीसों घंटों निगरानी में तैनात रहते है। इस काम को सुचारू रूप से करने के लिए रेल सुरक्षा बल एवं जीआरपी के जवानों द्वारा स्टेशनों के चप्पे चप्पे की निगरानी की जाती है, जिसके लिए स्टेशनों पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरा के द्वारा एक-एक गतिविधियों पर नज़र रखनें में मदद ली जाती है।

यात्रियों की शत-प्रतिशत सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलों बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर के 25 महत्वपूर्ण स्टेशनों पर 604 सीसीटीवी कैमरे लगाये गए है, जिनकी मदद से स्टेशनों के प्लेटफार्मों एवं पूरे स्टेशन परिसरों पर नज़र रखी जाती है। सीसीटीवी कैमरे की मानीटरिंग में किसी भी प्रकार के संदेहास्पद व्यक्ति या घटना के सामने आते ही त्वरित उस पर संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की जाती है।

25 स्टेशनों में 604 सीसीटीवी कैमरे की मदद से द.पू.म. रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर सुरक्षा की निगरानी

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सीसीटीवी कैमरा से सुसज्जित स्टेशनों में बिलासपुर स्टेशन में 94 कैमरे, कोरबा स्टेशन में 18 कैमरे, चांपा स्टेशन में 10 कैमरे, रायगढ़ स्टेशन में 14 कैमरे, शहडोल स्टेशन में 10 कैमरे, अकलतरा स्टेशन में 01 कैमरा, उसलापुर स्टेशन में 04 कैमरे, खरसिया स्टेशन में 01 कैमरा, रायपुर स्टेशन में 96 कैमरे, दुर्ग स्टेशन में 53 कैमरे, तिल्दा-नेवरा स्टेशन में 29 कैमरे, भाटापारा स्टेशन में 47 कैमरे, भिलाई पावर हाउस स्टेशन में 40 कैमरे, इतवारी स्टेशन में 20 कैमरे, कांप्टी स्टेशन में 14 कैमरे, भंडारा रोड़ स्टेशन में 12 कैमरे, तुमसर रोड़ स्टेशन में 16 कैमरे, गोंदिया स्टेशन में 62 कैमरे, डोंगरगढ़ स्टेशन में 17 कैमरे, राजनांदगांव चांपा स्टेशन में 12 कैमरे, बालाघाट स्टेशन में 12 कैमरे, छिंदवाड़ा स्टेशन में 8 कैमरे, रामटेक स्टेशन में 03 कैमरे, चांदाफोर्ट स्टेशन में 06 कैमरे एवं तिरोड़ा स्टेशन में 05 कैमरे शामिल है।

इन कैमरों की मदद से आपराधिक एवं संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम के साथ स्टेशनों पर यात्रियों के छूटे हुए सामानों की बरामदगी में भी सहायता मिल रही है। इसके अतिरिक्त संदिग्धों एवं अपराधियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा विवाद सुलझाने में कैमरे के फुटेज साक्ष्य के तौर पर उपयोग में लाये जा रहे है। साथ ही साथ रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले शरारती तत्वों और रेल में अपराध करने वालों पर भी अंकुश लगाने में क्लोज सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) कैमरे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

यात्रियों विशेषतया महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु मेरी सहेली अभियान चलाई गई है। इस अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल (RPF) की टीम ट्रेन में सफर कर रही महिला यात्रियों के पास जाकर उनसे बात करती है। अगर महिला यात्री को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर उसे तुरंत हल किया जाता है। इसके अलावा यात्रियों को एक हेल्पलाइन लाइन नम्बर भी दिया गया है जिस पर शिकायत करने पर तुरंत एक्शन लिया जाता है।

महिला यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा व सम्मान की सार्थक पहल के लिए महत्वपूर्ण स्टेशनों में 'अक्षिता' सेफ बबल का सफल प्रयोग व क्रियान्वयन किया गया है, जो कि प्लेटफार्म पर प्रतीक्षारत महिला यात्रियों के लिए सुरक्षित व सुविधापूर्ण स्थान उपलब्ध कराता है। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन यात्रा करने वाली महिलाओं के लिए तेजस्विनी वाट्सएप ग्रूप का सफल संचालन किया जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षित एवं संरक्षित यात्रा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसे सुनिश्चित करने हेतु निरंतर नई तकनीक का समावेश किया जा रहा है।

11 लोकसभा सीटों में कमल खिलाने में प्रदेश की युवाओं की भूमिका भी रहेगी अहम : कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाजयुमो को बैठक सम्पन्न

रायपुर (विश्व परिवार)। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला रायपुर ग्रामीण का जिला स्तरीय मंडल सशक्तिकरण अभियान (एक दिवसीय कार्यशाला) लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर एवं विधानसभा स्तरीय नव मतदाता सम्मेलन के सन्दर्भ में बैठक आज भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा कहा कि प्रदेश में युवाओं की भूमिका प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। जिस प्रकार से हमारे युवा कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत 2023 विधानसभा चुनाव में की है उसी क्रम को जारी रखते हुए हमें आगामी लोकसभा चुनाव में भी करनी है। प्रदेश की 11 की 11 लोकसभा सीटों में जनता की आशीर्वाद से कमल खिलाने में प्रदेश की युवाओं की भूमिका अहम रहेगी इसलिए हमें अधिक से अधिक युवाओं को भाजपा की रीति नीति से जोड़कर भाजपा परिवार में जोड़ना है ताकि देश का नेतृत्व फिर से एक बार मोदी जी के मजबूत हाथों में हो। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में जो वादे किए हैं उसे जल्द से जल्द पूरा करेगी। यह मोदी की गारंटी है जिसकी पूरा होने की पूरी गारंटी है। और इसकी शुरुआत हो गई है जल्द से जल्द भाजपा सभी वादों को पूरा करेगी और छत्तीसगढ़ को खुशहाल छत्तीसगढ़ बनायेगी। इस दौरान रायपुर सांसद सुनील सोनी, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत, उपकार चन्द्राकर, अशोक पांडेय, अनिल अग्रवाल, जिलाध्यक्ष भाजयुमो फणेंद्र भूषण वर्मा, समीर फरिकार, गजेन्द्र यादव, सुनील शर्मा, श्रीमती स्वाती वर्मा, सहित प्रदेश व जिले के पदाधिकारी, कार्यसमिति एवं मंडल के अध्यक्ष एवं महामंत्री की उपस्थिति में संपन्न हुई।

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर कल रायपुर आएंगे

रायपुर (विश्व परिवार)। केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्री गिरिराज सिंह तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर कल, 13 जनवरी, 2024 को नियमित विमान सेवा से दोपहर 12.00 बजे रायपुर आ रहे हैं। अपने तीन दिवसीय यात्रा के पहले दिन 13 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे, न्यू सर्किट हाऊस, सिविल लाइन्स, रायपुर में राज्य के ग्रामीण विकास, भूमि संसाधन एवं पंचायती राज अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री, सड़क मार्ग द्वारा रायपुर से एनटीपीसी गेस्ट हाऊस, कोरबा के लिए रवाना होंगे। कोरबा पहुंचने के बाद शाम 06.00 बजे श्री सिंह, जिला प्रशासन के ग्रामीण विकास, भूमि संसाधन एवं पंचायती राज अधिकारियों के साथ बैठक में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री रात्रि विश्राम एनटीपीसी गेस्ट हाऊस, कोरबा में करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री, छत्तीसगढ़ प्रवास के दूसरे दिन, 14 जनवरी को सुबह 10.00 बजे स्थानीय मंदिर में आयोजित स्वच्छता अभियान में शामिल होंगे और इसके बाद सुबह 11.00 बजे ग्राम ढोंगदरहा, विकासखण्ड कोरबा में और दोपहर 02.15 बजे ग्राम रंजना, विकासखण्ड, कटघोरा के विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री रात्रि विश्राम एनटीपीसी गेस्ट हाऊस, कोरबा में करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री, अपनी यात्रा के तीसरे दिन, 15 जनवरी को एकलव्य आदर्श विद्यालय, छुरीकला, विकासखण्ड, कोरबा में आयोजित पीएम जनमन योजना कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, इस योजना का शुभारम्भ विडियो कांफ्रेस के माध्यम से प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस कार्यक्रम के पश्चात् केन्द्रीय मंत्री सड़क मार्ग द्वारा दोपहर 01.30 बजे कोरबा से रायपुर विमातल के लिए रवाना होंगे और रात्रि 08.25 बजे रायपुर से नियमित विमान सेवा द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से मोदी सरकार डर रही है: दीपक बैज

रायपुर (विसं)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत के पहले ही मोदी सरकार डर गयी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा है कि मणीपुर सरकार ने इम्फाल में यात्रा की शुरूआत के लिये पहले तो अनुमति देने से मना किया, जब अनुमति दी भी गयी तो उसमें शर्तें लगा दी गयी, यह मोदी सरकार का अलोकतांत्रिक चरित्र है। मोदी सरकार अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबाना चाहती है। वह नहीं चाहती है कि देश की जनता की महंगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं के खिलाफ लोग एकजुट हो इसीलिये राहुल गांधी की यात्रा में बाधा पैदा करने के लिये षड़यंत्र रचा जा रहा है।

सरकार द्वारा देश में गेहूं और आटे की बढ़ती कीमत को संबोधित करने के लिए भारत में 57 LMT गेहूं का स्टॉक ई-नीलामी के लिए रखा गया

रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर. सरकार द्वारा देश में गेहूं और आटे की बढ़ती कीमत को संबोधित करने के लिए। भारत में, 57 LMT गेहूं का स्टॉक ई-नीलामी के लिए रखा गया है।

भारतीय खाद्य निगम, छत्तीसगढ़ क्षेत्र ने 10.01.2024 तक ई-नीलामी में खुली बाजार बिक्री योजना (घरेलू) के तहत 70200 मीट्रिक टन की पेशकश बाजार में की है। दिनांक 10.01.2024 की ई-नीलामी में 32 से अधिक बोलीदाताओं ने भाग लिया और 3450 मीट्रिक टन की मात्रा बेची गई।

दिनांक 17.01.2023 की ई-नीलामी के लिए छत्तीसगढ़ क्षेत्र में ओएमएसएस (डी) योजना के तहत 4500 मीट्रिक टन गेहूं की पेशकश की जाएगी। प्रोसेसर/आटा मिलर्स/निर्माताओं/गेहूं के अंतिम उपयोगकर्ताओं को दिनांक 17.01.2024 की ई-नीलामी में गेहूं की बिक्री के लिए भाग लेने की अनुमति है। संभावित बोलीदाताओं को अधिक मात्रा के लिए बोली लगाने में सक्षम बनाने के लिए, प्रति ई-नीलामी गेहूं की अधिकतम बोली मात्रा 250 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 300 मीट्रिक टन कर दी गई है। संभावित खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे निविदा दस्तावेज़ को अच्छी तरह से देखें। इसके अलावा, डीएफपीडी ने अर्ध-सरकारी को 4 एलएमटी गेहूं 17.15 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से उतारने का निर्णय लिया है। और सहकारी संगठन, यानी, केंद्रीय भंडार, एनसीसीएफ और एनएएफईडी, ओएमएसएस (डी) के तहत आवंटित गेहूं को आटा में परिवर्तित करने और इसे भारत आटा ब्रांड के तहत जनता को बिक्री के लिए पेश करते हैं, जिसका एमआरपी 27.50 रुपये से अधिक नहीं है। इस संबंध में 10.02.2023 को घोषित अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

Pro-Md Faruk
9301248947
7081177718
SIRAJ ELECTRICAL
नोटः- हाऊस वायरिंग, होटल वायरिंग, AC वायरिंग
सोलर पैनल वर्क इत्यादि कार्य किया जाता है ।
पताः-कचना रायपुर

छत्तीसगढ़ सिविल जज 2022 टॉप 10 में से टॉप 7 चाणक्य लॉ एकेडमी से

रायपुर (विश्व परिवार)। छ.ग. लोक सेवा आयोग सी.जी.पी.एस.ई. द्वारा आयोजित व्हवहार न्यायाधीश 2022 की अंतिम चयन सूची दिनांक 11 जनवरी 2024 को जारी की गई है। छत्तीसगढ़ का हृदय स्थल, रायपुर से चाणक्य लॉ एकेडमी के 27 विद्यार्थीयों ने सफलता प्राप्त की है जिसमें प्रावीण्य सूची के 10 विद्यार्थीयों में 7 विद्यार्थी चाणक्य लॉ एकेडमी ने दी है।

चाणक्य लॉ एकेडमी के मेण्टर नितिन नामदेव ने बताया की वर्ष 2022 में 48 पदों के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें 152 अभ्यार्थियों ने साक्षातकार दिया था, और 48 पदों की चयन सूची में उनकी संस्थान से प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली ईशानी अवधिया, तीसरे स्थान पर मानसी बीस्ट, चौथे स्थान पर मुस्कान शर्मा, छठवें स्थान पर हीमांशी शर्राफ, आठवें स्थान पर रिद्धि बुरड, नौवे स्थान पर श्रुति साहू, दसवें स्थान पर रिया चक्रवर्ती, ग्यारहवें स्थान पर संतोष कुमार यादव, तेरहवें स्थान पर ओम चौहोन, चौदहवें स्थान पर प्रणव वैद्य, सत्रहवें स्थान पर पूनीत समीक्षा अठारवे स्थान पर सिद्धार्थ देवांगन, बीसवें स्थान पर वैशाली बघेल, बाइसवें स्थान पर हीरा सिन्हा, तेइसवे स्थान पर लव कुमार लहरे, चौबीसवें स्थान पर चालुक्य यादव, छब्बीसवे स्थान पर सुनीता नेताम, सत्ताइसवें स्थान पर माला यादव, इकत्तीसवे स्थान पर श्रद्धा भगत, बत्तीसवे स्थान पर एंजल वेमीको टिग्गा, तैतीसवे स्थान पर प्रगति गुर्दे, सैतीसंवे स्थान पर रूचिका माहेश्वरी, उन्तालिसवे स्थान पर सुहासिनी ठाकूर, चौवालिसवें स्थान पर गीतांजली कश्यप, पैतालिसवें स्थान पर वर्षा गुर्दे, तथा अड़तालिसवे स्थान पर प्रीति पालीवाल रही।

संस्था के मेंण्टर नितिन नामदेव ने अपनी संस्था की सफलता का मुख्य स्त्रोत अनुशासन और कर्मठता को दिया है। प्रदेश में एक मात्र ऐसी संस्था है जो पूर्ण रूप से अनुशासित है एवं बच्चों के विकास परीक्षण के लिए नियमित रूप से साप्ताहिक और विषय वार टेस्ट कराए जाते हैं और टेस्ट के परिणाम छात्रों के साथ -साथ उनके अभिभावकों को भी सांझा किया जाता है। उनकी समुचित विकास के लिए समय-समय पर विविध गतिविधियां करायी जाती है जिससे संस्था में न केवल न वो अध्ययन कर सके बल्कि उसे महसुस कर सके।

श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा
एवं
निर्ग्रन्थ सेंटर ऑफ आर्कियोलॉजी
प्रसंगः- भगवान महावीर 2550वां निर्वाण वर्ष संगोष्ठी
भगवान महावीर और उनके लोक कल्याणकारी उपदेश
रविवार दि. 14 जन.2024 प्रातः 10 बजे से
वृंदावन हॉल सिविल लाईन, रायपुर
सुस्वागतम्
-आयोजक-
श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा
गजराज जैन गंगवाल राष्ट्रीय अध्यक्ष | यतीश जैन उपाध्यक्ष (निसेआ) | राजकुमार जैन सेठी महामंत्री | कमल कुमार जैन रांवका संयुक्त महामंत्री | प्रदीप जैन अध्यक्ष (छ.ग.) | कैलाश रारा कार्यक्रम संयोजक

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कांस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354